वर्ष 24, अंक 163, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 22 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली में घने कोहरे और प्रदूषण की वजह से पड़ा हवाई उड़ानों पर असर, 100 से ज्यादा फ्लाइट रद्द, यात्री परेशान!



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 110 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं. साथ ही 370 से ज्यादा फ्लाइट में देरी की खबर सामने आई है. उड़ानों में देरी और रद्द करने की वजह घना कोहरा और कम विजिबिलिटी रही है. एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया, '110 उड़ानें रद्द की गई हैं. इनमें 59 आने वाली और 51 जाने वाली फ्लाइट सेवाएं शामिल है. करीबन 370 से ज्यादा उड़ानों में देरी दर्ज की गई है. इन सभी उड़ानों में औसतन 26 मिनट की देरी दर्ज की गई है.'

DIAL (दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) ने कहा, ऑपरेशन सुचारू रूप से चल रहे हैं. IGI एयरपोर्ट आमतौर पर लगभग 1300 उड़ानों को हैंडल करता है. इससे यह मौसम संबंधी बाधाओं को लेकर ज्यादा संवेदनशील हो जाता है. पिछले कई दिनों से लगातार कोहरे के कारण दिल्ली और उत्तर भारत में कई एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित हुए हैं.

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने क्या बताया?

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की मानें तो रविवार सुबह एयर क्वालिटी इंडेक्स में रैंकिंग 386 दर्ज की गई है. पूरे शहर में हवा की गुणवत्ता चिंताजनक बनी रही. इनमें 16 मॉनिटरिंग स्टेशनों ने अदकस्तर को गंभीर श्रेणी में दर्ज किया है. बाकी स्टेशनों ने बहुत खराब हवा की सूचना दी है.

CPCB के नियमों की मानें तो अदकरीडिंग को 0 से 50 के बीच अच्छा माना जाता है. 51 से 100 के बीच संतोषजनक माना जाता है. 101 से 200 के बीच मध्यम माना जाता है. 201 से 300 के बीच खराब माना जाता है. 301 से 400 के बीच बहुत खराब माना जाता है. 401 से 500 के बीच गंभीर स्थिति मानी जाती है.

मौसम की स्थितियों ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है. न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा है. यह मौसम के औसत से 1.3 डिग्री ज्यादा था. क्टऊने कहा कि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है. मध्यम कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया है.

ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और बारिश

ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के कारण श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कम से कम 11 फ्लाइट कैंसिल की गई है.

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) के अधिकारी ने बताया, जम्मू और दिल्ली एयरपोर्ट पर मौसम खराब होने की वजह से श्रीनगर के लिए शेड्यूल की गई दो और फ्लाइट को भी कैंसिल कर दिया गया है. एयरपोर्ट एप्रन पर चार फ्लाइट स्टैंडबाय पर हैं. मौसम ठीक होने के बाद फ्लाइट के संचालन फिर से शुरू हो जाएंगे।

## पीएम ने किया फर्टिलाइजर प्लांट का शिलान्यास

### कांग्रेस पर जमकर बरसे




**असम**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने असम के नामरूप में नए यूरिया प्लांट का भूमि पूजन किया। उन्होंने इसे असम के औद्योगिक विकास और युवाओं के रोजगार के लिए बड़ा कदम बताया। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सीधे खातों में पैसे भेज रही है। उन्होंने कांग्रेस पर अवैध घुसपैठियों को बसाने और विकास रोकने का आरोप लगाते हुए कड़ी आलोचना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नामरूप में 'असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी' के नए यूरिया प्लांट का शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने असम के विकास और किसानों के हितों को लेकर कई बड़ी बातें कहीं।

पीएम ने कहा कि नामरूप और डिब्रूगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। इस प्लांट से न केवल खाद का उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए हजारों नौकरियों के अवसर भी खुलेंगे।

मोदी ने बताया कि बीज से लेकर बाजार तक सरकार किसानों के साथ है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 4 लाख करोड़ रुपये सीधे खातों में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन और इस प्लांट का निर्माण दिखाता है कि असम अब विकास की नई रफ्तार पकड़ चुका है।

विपक्ष पर हमला

पीएम ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने खाद फैक्ट्रियां बंद होने दीं और किसानों पर लाठियां चलवाईं। उन्होंने कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

मोदी ने गारंटी दी कि बीजेपी असम की जमीन, जंगल और सम्मान की रक्षा के लिए "फौलाद" की तरह खड़ी है और किसी भी घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## महायुति की बंपर जीत, बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** की 288 नगर परिषद और नगर पंचायत सीटों के नतीजों में सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीतकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। विपक्ष के लिए यह नतीजे एक बड़े झटके के रूप में देखे जा रहे हैं।

फडणवीस ने पीएम को दिया जीत का श्रेय

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता के भरोसे को दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने पहली बार बिना किसी आरोप-प्रत्यारोप के केवल अपनी योजनाओं के दम पर सकारात्मक प्रचार किया, जिसे लोगों ने स्वीकार किया।'


विपक्ष के आरोप

हार का सामना कर रहे महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के हर्षवर्धन सपकाल ने तंज कसते हुए आयोग को महायुति की 'मदद' के लिए बधाई दी।

वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के अंबादास दानवे ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दलों ने बाहुबल और धनबल का इस्तेमाल किया है।

विदर्भ और पश्चिम महाराष्ट्र जैसे इलाकों में भी बीजेपी और महायुति का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है, जबकि विपक्षी गठबंधन पिछड़ गया है।





## 'चिल्लई कलां' की शुरूआत के साथ ही कश्मीर में हुई बर्फबारी, दो महीने का सूखा खत्म

**कश्मीर**

**कश्मीर** घाटी में कड़ाके की ठंड के 40 दिनों के दौर, जिसे 'चिल्लई कलां' कहा जाता है, की शुरूआत बर्फबारी के साथ हुई है। पिछले दो महीनों से जारी असामान्य सूखे के बाद हुई इस बर्फबारी ने लोगों को बड़ी राहत दी है।

सोनमर्ग, गुरेज घाटी, जोजिला, और दक्षिण व उत्तर कश्मीर के ऊंचे इलाकों (जैसे सिंथन टॉप और राजदान पास) में ताजा बर्फ गिरी है। कारगिल और द्रास में भी बर्फबारी की खबरें हैं।

इसे भी पढ़ें: 26 दिसंबर से बढ़ेगा रेल का किराया, जानें आपकी जेब पर कितना असर पड़ेगा

सूखे से मिली राहत

पिछले दो महीनों से बारिश न होने के कारण पानी के स्त्रोत सूख रहे थे और सूखी ठंड बढ़ गई थी। इस बर्फबारी से पर्यावरण और खेती को नई संजीवनी मिली है।

मौसम का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार, 22 दिसंबर तक रुक-रुक कर बर्फबारी और बारिश जारी रह सकती है। आने वाले दो दिनों में यह और तेज हो सकती है।

सरकार की तैयारी

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सर्दियों की तैयारियों की समीक्षा की है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि भारी बर्फबारी से निपटने और सड़कों से बर्फ हटाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

## 26 दिसंबर से बढ़ेगा रेल का किराया, जानें आपकी जेब पर कितना असर पड़ेगा

**नई दिल्ली**

**भारतीय** रेलवे ने अपने किराये के ढांचे में मामूली बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई दरें 26 दिसंबर से लागू होंगी। यह बदलाव मुख्य रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभावित करेगा, जबकि छोटी दूरी और रोजाना सफर करने वालों को राहत दी गई है।

किसे मिली छूट?

साधारण क्लास में 215 किलोमीटर तक की यात्रा करने वालों के लिए किराये में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही, लोकल ट्रेनों और मंथली पास की कीमतों को भी पहले जैसा रखा गया है।

कितना बढ़ा किराया?

215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए साधारण क्लास में 1 पैसा प्रति किमी और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (एसी और नॉन-एसी दोनों) में 2 पैसे प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है। अगर आप मेल या एक्सप्रेस ट्रेन से 500 किमी का सफर करते हैं, तो आपको अब पहले के मुकाबले केवल 10 रुपये ज्यादा देने होंगे।

क्यों बढ़ाया किराया?

रेलवे को इस बदलाव से करीब 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई होने की उम्मीद है, जिसका इस्तेमाल परिचालन खर्चों को पूरा करने में किया जाएगा।

## योगी सरकार के हाई-टेक ड्रोन सर्वे से नदी संरक्षण को नई दिशा, केंद्र सरकार करेगी देशभर में लागू

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में नदियों के संरक्षण को लेकर चल रही योगी सरकार की पहल अब राष्ट्रीय मॉडल बन चुकी है. पहली बार किसी राज्य ने नदी संरक्षण में हाई-टेक रिवर ड्रोन सर्वे सिस्टम का इतना व्यापक उपयोग किया है. इसका असर इतना प्रभावी रहा कि केंद्र सरकार ने यूपी के मॉडल को पूरे देश में लागू करने का फैसला किया है.गंगा, यमुना, गोमती, वरुणा और पांडु नदी के लगभग 150 किलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन सर्वे पूरा कर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन ने नदी पुनरुद्धार के प्रयासों में नई ऊर्जा भर दी है. लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों में किए गए सर्वे ने नदियों की असल स्थिति, प्रदूषण स्त्रोतों और नालों के गिरने वाले बिंदुओं की स्पष्ट पहचान करना अब आसान कर दिया है. इन प्रयासों का पहला सबसे बड़ा लाभ कानपुर जिले को मिलने जा रहा है. ड्रोन सर्वे के बाद नदियों में जीरो डिस्चार्ज की कार्ययोजना बनाई जा रही है. इसके क्रियान्वयन के बाद नदियों में जीरो डिस्चार्ज का दर्जा मिल जाएगा।

## विदेश मंत्रालय ने दिल्ली स्थित बांग्लादेश मिशन की सुरक्षा पर दी जानकारी




**नई दिल्ली**

**भारत** सरकार ने उन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है जिनमें दावा किया गया था कि नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन की सुरक्षा में सेंध लगाई गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि हाई कमीशन के बाहर केवल एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुआ था।

प्रोपेगेंडा का खंडन


विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेशी मीडिया के कुछ हिस्सों में इस घटना को लेकर भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हमने इस घटना पर बांग्लादेश मीडिया के कुछ हिस्सों में गुमराह करने वाले प्रोपेगेंडा को देखा है। सच यह है कि 20 दिसंबर को नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने लगभग 20-25 युवा इकट्ठा हुए और मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भयानक हत्या के विरोध में नारे लगाए, साथ ही बांग्लादेश में सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की भी मांग की।'

मंत्रालय ने साफ किया कि न तो बाड़ तोड़ने की कोशिश हुई और न ही सुरक्षा व्यवस्था बिगड़ी। पुलिस ने कुछ ही मिनटों में प्रदर्शनकारियों को हटा दिया था।

बयान में आगे कहा गया, 'किसी भी समय बाड़ तोड़ने या सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने कुछ ही मिनटों में ग्रुप को तितर-बितर कर दिया।

## आरएसएस को भाजपा से जोड़कर समझना बड़ी गलती, मोहन ने ऐसा क्यों कहा?



**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार (21 दिसंबर, 2025) को संघ के मुस्लिम विरोधी होने के सवाल पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि आरएसएस मुस्लिम विरोधी नहीं है. जो देखना चाहते हैं, वे आकर देख सकते हैं. आरएसएस का दरवाजा हमेशा खुला रहा है.

दरअसल, सरसंघचालक मोहन भागवत ने पश्चिम बंगाल के चार दिवसीय प्रवास के दौरान कोलकाता में साइंस सिटी सभागार में कोलकाता व्याख्यानमाला के तृतीय सत्र-100 वर्ष की संघ यात्रा- नए क्षितिज कार्यक्रम को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि धारणा है कि संघ मुस्लिम विरोधी है, जबकि संघ में कोई दरवाजा बंद नहीं है. कभी आकर फ्रर को देखिए. अगर लगता है कि हम मुस्लिम विरोधी हैं, तो ऐसी धारणा बनाइए.

उन्होंने आगे कहा, 'अगर आपको संघ मुस्लिम विरोधी लगता है, तो आप अपनी धारणा बदलिए. मैं कहता हूं कि अब समझाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि समझने के लिए आपके सामने बहुत कुछ मौजूद है और जिसे नहीं समझना है, उसे समझाकर कोई फायदा नहीं है. अगर जानना है तो आकर देखिए, उसके बाद जैसी भी आपकी राय बनती है, बना लीजिए.'

मुसलमानों सिर्फ पूजा-पद्धति से अलग हैं- मोहन भागवत

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 'मैं चैलेंज करता हूं कि आकर फ्रर को देखिए. बहुत लोग हमें देखने के लिए आए हैं और देखकर उन्होंने माना है और कहा है कि आप लोग मुस्लिम विरोधी नहीं हैं. आप लोग कट्टर राष्ट्रवादी हैं ।

## योगी ने युवा सहकार सम्मेलन-2025 का किया भव्य शुभारंभ

### वाराणसी-महाराजगंज के डीएम सम्मानित

**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में सहकारिता विभाग की उपलब्धियों व नवाचारों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई. साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने पुस्तिका का विमोचन भी किया. मुख्यमंत्री ने वाराणसी व महराजगंज के वर्तमान जिलाधिकारी समेत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया. सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लिए ऋण का चेक भी प्रदान किया.

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार (वर्तमान जिलाधिकारी, वाराणसी)- महराजगंज, बाराबंकी व वाराणसी में सहकारिता में सर्वांगीण विकास व मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया. इसके अलावा संतोष कुमार शर्मा (वर्तमान जिलाधिकारी महराजगंज)- एम पैक्स सदस्यता महाभियान-2025 में प्रदेश में सर्वाधिक 1.22 लाख सदस्य बनाने और सर्वाधिक 28 हजार ऑनलाइन सदस्य जोड़ने के लिए सम्मानित किए गए.

सीएम उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चेक सौंपे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत अजय प्रताप सिंह को दनिश्ता फातिमा को पांच-पांच लाख ऋण का चेक सौंपा और लोगों को रोजगार देने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत सोनम वर्मा न मनीष कुमार भदौरिया को 25-25 लाख रुपये व आकांक्षा सिंह को 10 लाख रुपये के ऋण का चेक सौंपा.



सर्वाधिक सदस्यता वाले जनपद सम्मानित

कार्यक्रम में नमो ड्रोन दीदी के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वंदना तिवारी व ललिता देवी को सम्मानित किया गया. इसके अलावा एम पैक्स सदस्यता महाभियान के अंतर्गत सर्वाधिक सदस्य बनाने वाले तीन जनपद को सम्मानित किया गया.

महराजगंज से जितेंद्र बहादुर सिंह, यूपी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड व सुनील कुमार गुप्ता एआर, को-ऑपरेटिव (1.22 लाख सदस्य बनाए). शाहजहांपुर से जिला को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर व सहायक आयुक्त अखिलेश प्रताप सिंह (1.08 लाख सदस्य बनाए). और उन्नाव से डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह व सहायक आयुक्त रविंद्र कुमार सिंह (1.02 लाख से अधिक सदस्य बनाए)।

# ब्लाक कर्मी के घर में लगी आग से गृहस्थी हुई खाक





**करछना।** ब्लाक करछना में कार्यरत ब्लाक कर्मी अरविन्द कुमार का घर करछना थाना से महज दो गज की दूरी पर स्थित है, रविवार को अरविंद कुमार अपनी पत्नी को डाक्टर को दिखाने को लेकर नैनी गया था घर पर एक 10 वर्षीय लडका अकेले मौजूद था कि वह दोपहर एक बजे के आसपास अचानक संदिग्ध परिस्थितियोंमें में घर में आग लग गई आस पड़ोस के लोगों ने फायरबिग्रेड को फोन किया लेकिन वह नहीं पहुच सकी, आग को बुझाने को लेकर करछना पुलिस ने मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाई और आग बुझाने में जूट गई और पुलिस की तत्परता देख आसपास के पड़ोसियों ने बड़ी मस्कत से आग पर काबू पाया जा सका भुक्तभोगी अरविन्द कुमार का कहना है कि आग से लाखों रूपए की घर गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया।

## एक लाख दहेज न मिलने पर विवाहिता को मार पीट कर भगाया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासनीय रोजी बेगम पुत्री स्वर्गीय रफीक का कहना है कि उसकी शादी 30 दिसम्बर 2019 को होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गुलजार नगर निवासी दिलशाद अहमद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से थोडी थोडी बात पर ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जाने तथा एक लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग की गई। आरोप है कि दहेज की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर भगा दिए.रोजी बेगम ने मऊआइमा थाने में पति दिलशाद अहमद,सास रक्की बीबी, ससुर मोहम्मद हारून,देवर शामशाद अहमद के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज करा दी है।

# पीडीए एसआईआर प्रहरियों का कार्य सराहनीय : पप्पूलाल निषाद

**जनआंदोलन को लेकर बनी रणनीति**

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पीडीए एसआईआर प्रहरियों ने अपने अपने बूथों पर वोट बचाओ अभियान के तहत बीएलओ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य को अंजाम दिया जिससे सरकार की मंशा विफल होता नजर आ रहा है जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं की छटनी प्रयागराज जिले में किया जा रहा यह विचारणीय प्रश्न है।

यह बाते पार्टी के प्रयागराज यमुनापार के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कोरांव विधानसभा कार्यालय में एसआईआर एवं बूथ लेवल एजेंट बैठक के दौरान कही सपा नेता ने पार्टी जनों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार कई दिनों से सूचना प्राप्त हो रही है कि पार्टी कार्यकताओं का क्षेत्रीय शासन प्रशासन के लोगों के द्वारा उपेक्षा किया जा रहा है और पीडीए समाज के लोगों उत्पीड़न किया जा रहा है ऐसा कृत्य बहुत ही निंदनीय है और ऐसी दशा में समाजवादी पार्टी विशाल आंदोलन करने को बाध्य है इसके लिए बहुत ही शीघ्र दिन निर्धारित किया जाएगा और दोषी अधिकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय किया जाएगा।इसी क्रम में दलित चिंतक जय शंकर भारतीय जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के लोगों को चाहिए अपने अपने बूथों पर युद्ध स्तर से आमजन में पार्टी के नीतियों तथा सपा सरकार के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी कामों से अवगत कराए इस दौरान मो इरफान को नगर पंचायत कोरांव का उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए फूल माला से स्वागत कर बधाई दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र सरोज सोमदत्त सिंह पटेल लल्लन पटेल लाल जी पाल निराला मंगलदेव कोल राजेश पांडे रविंद्र जैसल जाटव रामदेव निडर मेहताब खान रामानुज यादव धर्मराज पटेल नौशाद अंसारी पवन सोनकर अश्वनी पटेल यादवेंद्र अहीर शिवदानी पाल त्रिलोक सिंह खनूजा संत पाल सुमन कोल त्रिवेणी यादव केशरी कुशवाहा शिव मंगल राजपूत विनय सोनकर राजकुमार कोल दीपक पटेल सुनील कुमार समेत आदि लोग उपस्थित रहे।


## भाजपा नेता रमेश चंद्र पांडेय ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष से किया शिष्टाचार भेंट



**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से दिल्ली मे भाजपा किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र पांडेय ने शिष्टाचार भेंट करके नवीन दायित्व एवं पदभार ग्रहण करने हेतु बधाई दिया एवं भारतीय जनता पार्टी को भविष्य में और नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए दोनों नेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया।



## असिस्टेंट रजिस्ट्रार एस. बी. सिंह के बड़े पिता का निधन



**उतरांव।** सैदाबाद विकासखंड के ग्राम धन्नीकापूरा निवासी विजय प्रताप सिंह का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके छोटे भाई उत्तर प्रदेश पुलिस की अभिसूचना (इंटेलिजेंस) शाखा से सेवानिवृत्त हैं। स्वर्गीय विजय प्रताप सिंह के भतीजे एस. बी. सिंह वर्तमान में कोटा ओपन यूनिवर्सिटी, राजस्थान में असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत हैं। निधन की सूचना मिलते ही वे प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। इस दुःखद घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है। क्षेत्र के लोगों एवं शुभचिंतकों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# वार्षिक खेलकूद समारोह में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर मन मोहा






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** चिल्ड्रेन स्कूल अल्लापुर का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन केपी ग्राउंड प्रयागराज में किया गया जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रेड हाऊस ट्राफी विजेता बनी, यह आयोजन छात्रों के शारीरिक विकास, अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए किया गया। वार्षिक खेलकूद समारोह से शारीरिक और मानसिक लाभ होता है यह छात्रों की फिटनेस बढ़ाता है और उन्हें नियमित पढ़ाई से ब्रेक देता है, जिससे तनाव कम होता है। टीम स्पधाएं सहयोग और सामंजस्य सिखाती हैं, जबकि व्यक्तिगत खेल प्रतिस्पर्धा की भावना जगाते हैं। इसमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, रिले रेस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, कैरम और बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर जैसे कई खेल शामिल होते हैं। आयोजन में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र, छात्रा शामिल रहे ऐसे आयोजन से छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होता है। इस अवसर पर डायरेक्टर नंदिनी वर्मा, प्रधानाचार्य प्रतिभा श्रीवास्तव एवं अध्यापिकाओं में प्रतिभा त्रिपाठी, मुदिता श्रीवास्तव, महिमा, रागिनी, बीनू श्रीवास्तव एवं बच्चों में आरव सिंह, आदित्य पांडेय, उद्धव, आदर्श तिवारी, श्रेयांश, संस्कार तिवारी सहित तमाम बच्चों ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया।




## माघ मेले में बनाए गए 43 पार्किंग स्थल

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 में विभिन्न सड़क मार्गों से आने वाले श्रद्धालुओं हेतु कुल 43 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इन पार्किंग स्थलों के चिन्हांकन हेतु सभी स्थानों पर विविध जीव-जंतुओं के चिह्न अंकित किए जा रहे हैं। सभी मार्गों के कुछ प्रमुख पार्किंग स्थलों के चिन्ह निम्नवत हैं। अन्य सभी पार्किंग स्थलों के चिन्हों का विवरण संलग्नित पीडीएफ में है। जौनपुर मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं हेतु 4 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिनमें पूरे सूरदास पर कंगारू, चीनी मिल पर शेर , ओल्ड जीटी कछार पर बारासिंघा तथा सरस्वती पार्किंग पर चीते का निशान अंकित रहेगा। रीवा मार्ग पर 5 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिनमें गजिया ग्राम पर कउआ, नवप्रयागम 01 पर चील तथा नवप्रयागम 02 पर ऑस्ट्रिच अंकित रहेगा। वाराणसी मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं हेतु उस मार्ग पर 6 पार्किंग स्थल बनाए गए जिनमें त्रिवेणीपुरम पूरब पर ऊँट, त्रिवेणीपुरम पश्चिम पर घोड़ा तथा छतनाग पर भेड़ का चिन्ह अंकित रहेगा। इसी क्रम में मिजार्पुर मार्ग पर 3 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिसमें डीपीएस कछार पर मुर्गा, देवरख उपहार पर बतख तथा ओमेक्स पार्किंग पर कबूतर का निशान अंकित रहेगा। कानपुर मार्ग पर 18 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिनमें से जॉर्जटाउन एसोसिएशन पार्किंग पर बगुला, सीएमपी पर गिलहरी तथा केपी कालेज पार्किंग पर गैंडे का निशान अंकित होगा। लखनऊ मार्ग पर 7 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिनमें कर्नलगंज इंटर कालेज पर चमगादड़, छोटा भगाड़ा पर पेंग्विन तथा बख्शी बाँध पर स्नेल का निशान अंकित रहेगा।

## श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में मनाया गया विद्यालय का 47वां स्थापना दिवस



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शिवकुटी स्थित श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में रविवार को विद्यालय का 47 वां स्थापना दिवस समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। आश्रम से पधारी संतजनों ने पूजन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर, प्रयागराज उमेश चंद्र गणेश केसरवानी व विशिष्ट अतिथि आश्रम की सचिव श्रीमती प्रभा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, हास्य नाटिका, नृत्य, भाव प्रसंग, धार्मिक प्रसंग, भक्ति प्रसंग, आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मानस प्रसंग, इंग्लिश प्ले, महिषासुर मदीर्नी नृत्य आदि ने सबको भावविभोर कर दिया। इस मौके पर वर्ष पर्यंत हुई प्रतियोगिताओं के विजई छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि वार्षिकोत्सव बच्चो को प्रतिभा को विकसित करने का अवसर देता है। इस मौके पर नीरज संत जी, अजीत राय जी, डॉ मनोज मिश्रा, प्रबंधक भगवान पांडेय एवं अन्य कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्या विभा मिश्रा ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक : विमलेश पटेल

**बैठक में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकार गण उपस्थित रहे**

अखंड भारत संदेश




**धनूपुर।** भाजपा मंडल धनूपुर की एसआईआर समीक्षा बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य वीरु की अध्यक्षता में बंदीपट्टी, धनूपुर मंडल कार्यालय पर किया गया। मुख्य अतिथि हौंसिला प्रसाद पाठक जिला प्रवासी गंगापार ने उपस्थित लोगों को एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने और छूटे हुए मतदाताओं को फॉर्म भरने एवं नए मतदाताओं को फॉर्म 6 भरने के लिए कार्यकताओं से आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि विमलेश पटेल मंडल प्रभारी धनूपुर ने एसआईआर प्रक्रिया को लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कार्यकताओं को इसमें सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभाने के निर्देश देते हुए कहा कि विपक्ष शुरू से ही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर नकारात्मक रवैया अपनाए हुए है और वह नहीं चाहता कि देश में शुद्ध मतदाता सूची तैयार हों। बैठक में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकार गण उपस्थित रहे बैठक का संचालन आशीष त्रिपाठी मंडल मंत्री धनूपुर ने किया। मंडल अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र भेंट करके मंडल के समस्त कार्यकताओं की तरफ से स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में निवर्तमान महामंत्री राकेश दुबे, मंडल उपाध्यक्ष रमाशंकर मिश्र, दयाशंकर विश्वकर्मा, कृष्ण शर्मा, नंदलाल भारती, विजय सिंह, मंडल मंत्री अरुण गौतम, मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश सोनी, शक्ति केंद्र संयोजक धन प्रताप सिंह, अरुण दुबे, कैलाश नाथ पांडेय, नितेश सिंह, श्रीचंद्र विश्वकर्मा, अमरजीत बिंद, पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री मटुकधारी विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, विष्णु सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रतापपुर की बेटी मधुलिका यादव ने राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में किया टॉप

**मधुलिका के पिता चंद्रशेखर यादव उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में जज रह चुके हैं।**



**जंघई।** राजस्थान आरजेएस 2025 टॉपर मधुलिका यादव मूल रूप से प्रयागराज में प्रतापपुर की निवासी हैं। पिता भी यूपी में जज रह चुके हैं। मधुलिका ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विधि पांच वर्षीय और सीएमपी डिग्री कॉलेज से एलएलएम की पढ़ाई की। राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा 2025 भर्ती (आरजेएस 2025 ) का अंतिम परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। इस परीक्षा में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पुरा छात्रा मधुलिका यादव ने पहला स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय और प्रयागराज का नाम रोशन किया है। मधुलिका मूल रूप से विकास खंड प्रतापपुर के पूरेरघई गांव की निवासी हैं। मधुलिका यादव ने 205.5 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। मधुलिका ने वर्ष 2017 से 2022 तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय कैंपस से पांच वर्षीय लॉ की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने 2022 से 2024 के बीच सीएमपी डिग्री कॉलेज से एलएलएम की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने बताया कि यह राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा का उनका दूसरा प्रयास था। पहले प्रयास में वह प्रारंभिक परीक्षा भी उत्तीर्ण नहीं कर पाई थीं, लेकिन निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने इस बार शीर्ष स्थान हासिल किया। मधुलिका के पिता चंद्रशेखर यादव उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में जज रह चुके हैं। मधुलिका का कहना है कि न्यायिक सेवा में कार्य करने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता से ही मिली उन्होंने लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह सफलता अर्जित की है। मधुलिका की उपलब्धि पर परिवार, क्षेत्र, रिश्तेदार हर्षित हैं।

## सांसद निधि से बढ़वारी कला में इन्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

**पयासी कोरांव।** इतवार को ग्राम पंचायत बढ़वारी कला में सांसद कुँवर उज्जवल रमण सिंह जी की सांसद निधि से लगभग दस लाख की लागत से आर इ एस विभाग से इन्टरलाकीग सड़क निर्माण कार्य का आज विधिवत पूजापाठ कर ग्रामीणों के साथ उसी गाँव के निवासी इस कार्य के प्रस्तावक सांसद जी के करीबी चर्चित समाजसेवी कोराँव क्रांतिकारी नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने किया। उक्त कार्य से ग्रामीणों मे अत्यंत खुशी देखने को मिली और साथ ही ग्रामीणों ने अपने लोकप्रिय सांसद जी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया है साथ ही ग्रामीणों ने बरसात के दिनों में भारी गंभीर समस्या के निवारण के लिए उनको धन्यवाद दिया प्रमोद पयासी ने कहा की कभी भी मेरे गाँव से बीजेपी कभी लोकसभा में विधानसभा नहीं हारी लेकिन इस वर्ष के बीते लोकसभा चुनाव में मेरे गाँव के ज्यादातर मतदाता साथियो ने सांसद जी को भारी वोटों से जिताने का काम किया था आज उसी से प्रभावित होकर माननीय सांसद जी ने अपना ध्यान हमारे गाँव की इस गम्भीर समस्या के लिए धन्यवाद दिया है जिससे समस्या का निवारण होगा जिसके लिए मैं खुद आभारी हूँ और माननीय सांसद जी का आभार ब्यक्त करता हूँ आज इस कार्य का पूजा कार्यक्रम से लड्डू बाटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया जिसमें मुख्य रूप से ठेकेदार आलोक मिश्रा मुन्शी महेंद्र नंद किशोर कुस्वाहा जगदीश कुस्वाहा मिथिलेश कुस्वाहा सुरेंद्र कुस्वाहा संजय मिश्रा चंद्र प्रकाश मिश्रा पंडित कृष्णा कुस्वाहा मनोज कुस्वाहा इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

# माघ मेले में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेगी रैपिडो बाइक्स

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 में आने वाले श्रद्धालुओं के यातायात अनुभव को और सुगम बनाने के दृष्टिगत रैपिडो बाइक्स की सुविधा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। इस कार्य हेतु रैपिडो कंपनी से प्रशासन ने एमओयू साइन करते हुए उन्हें 28 पिकअप एवं ड्रॉप स्थान उपलब्ध कराये हैं जिनकी सूची निम्नवत है।रैपिडो कंपनी जनपद में पढ़ रहे छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु एक सोर्सिंग कैंप इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 23-12-25, मंगलवार, को लगाने जा रही है जहाँ पर रैपिडो बाइक्स चलाकर पार्ट टाइम रोजगार पाने का अवसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रदान किया जाएगा। इच्छुक छात्र रैपिडो कंपनी के साथ रजिस्टर करते हुए रोजगार का अवसर पा सकेंगे। इसके दृष्टिगत विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वहां प्रातः 11 बजे कैंप लगाने की अनुमति दी जा चुकी है। इसी क्रम में उसी दिन दोपहर 12 बजे आरटीओ लाइसेंसिंग ऑफिस, नैनी में भी एक कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसकी मुख्य अतिथि मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल होंगी। जनपद के सभी इच्छुक युवा (लड़के एवं लड़कियां ) रैपिडो कंपनी में रोजगार हेतु इस कैंप के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। सभी को अपना ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड एवं अन्य संबंधित डॉक्यूमेंट लेकर उपस्थित होना होगा।

**पार्किंग सूची -** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म 6 नंबर तरफ, 10 नंबर तरफ एक नंबर तरफ, केपी इंटर कॉलेज कॉम्प.पूल पेट्रोल पंप के पास, नेहरू पार्क, कमला गेस्ट हाउस हवाई अड्डे पर प्रीपेड टैक्सी बूथ,रामबाग रेलवे स्टेशन, प्रयाग स्टेशन, सूबेदार गंज स्टेशन, छिवाकी स्टेशन, नैनी स्टेशन, झूसी स्टेशन, फाफामऊ स्टेशन, बलसन चौराहा ,बेला कछार बस स्टॉप, सहसो, चीनी मिल के पास,बस स्टॉप झुंसी लेप्रसी चौराहा, न्यू प्रयागम,17 नंबर पार्किंग ओल्ड जीटी ,टीपी लाइन पार्किंग, सोहम आश्रम,लोटस अस्पताल, फोर्ट चौराहा ओल्ड यमुना ब्रिज, आईईआरटी, भारद्वाज मार्गनाग वासुकी बजरंगदास पार्किंग सेक्टर 2ए पार्किंग ड्रॉप - सेल्फी प्वाइंट अरैल।

# माघ मेला क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न कार्यो का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मेला अधिकारी ऋषि राज एवं अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उन्होंने सर्वप्रथम काली पुल से झूंसी की तरफ सेक्टर चार में जाकर कालीमार्ग, रामानुजाचार्य मार्ग, अक्षयवट मार्ग तथा संगम लोवर मार्ग पर दोनों तरफ कराए जा रहे समतलीकरण, विद्युत, जलनिगम एवं पीडब्ल्यूडी के संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन मार्गों पर जहाँ जहाँ दलदलीय जमीन के समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा था उसको भी देखते हुए शौचालयों की साइटिंग हेतु चिन्हित स्थानों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात सभी अधिकारियों ने सेक्टर 6 के ऑफिस में जाकर सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की तथा उनके द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सेक्टर वार जानकारी ली। बैठक में मंडलायुक्त ने सभी शेष कार्यों को समय अंतर्गत पूर्ण कराने हेतु अतिरिक्त मैनपावर लगाने के निर्देश मेला अधिकारी को दिए। साथ ही वेंडरों को सभी सेक्टरों की संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए उनके शौचालय अतिशीघ्र लगाने के भी निर्देश दिए गए।

# सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टेशन पूर्णतया बंद, झूंसी से चल रहीं हैं वाराणसी की बसें, यात्री परेशान

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सिविल लाइंस बस स्टेशन से वाराणसी और गोरखपुर समेत पूर्वांचल के तमाम शहरों के लिए बस का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया है। इसकी घोषणा कई दिनों पहले ही कर दी गई थी। रविवार को जब बसों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया तो यात्रियों को दिक्कतें बढ़ गईं। सुबह से ही बड़ी संख्या में यात्री सिविल लाइंस बस स्टेशन पर बस पकड़ने के लिए पहुंचे तो यहां पर एक भी बस नहीं दिखी। उनको बताया गया कि अब वाराणसी और गोरखपुर के लिए बसों का संचालन झूंसी से किया जा रहा है । ऐसे में झूंसी जाने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसका फायदा उठाकर ई रिक्शा चालक मनमानी किराया वसूलने लगे हैं। मौके की नजाकत भांपकर बाइकर्स गैंग भी सक्रिय हो गया। लोगों को झूंसी बस स्टैंड पहुंचाने के लिए बाइकर्स एक सवारी से 200 से 300 रुपये वसूली कर रहे हैं। मजबूरी में लोग अधिक पैसा देकर झूंसी जा रहे हैं। यही बाइकर्स गैंग महाकुंभ में भी सक्रिय था और श्रद्धालुओं की मजबूरी का जमकर फायदा उठाया था।मौका पाकर रविवार से यह गैंग फिर सक्रिय हो गया। प्रशासन ने रोडवेज बस स्टेशन को सिविल लाइंस से बंद तो कर दिया, लेकिन झूंसी स्थित अस्थायी बस स्टेशन तक यात्रियों को सुगमता पूर्वक जाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया है। इससे लोग परेशानियों से दो चार हो रहे हैं। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक का कहना है कि कई दिन पहले ही लोगों को जानकारी दे गई थी कि रविवार से बस स्टेशन बंद हो जाएगा।

# नेत्र शिविर का सफल आयोजन सेवा समर्पण और संगठन एकजुटता का है परिणाम : रुचि तिवारी

मेजा के जेवनिया गांव में शिवसेना पदाधिकारियों के नेतृत्व में संचालित तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का समापन जनसेवा के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता का बना जीवंत उदाहरण

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के जेवनिया में संचालित तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर अभूतपूर्व सफलता पूर्वक संपन्न होने पर शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बना है। रुचि तिवारी ने कहा कि माननीय एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में तथा शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक, एनडीए गठबंधन एवं चुनाव डा अभिषेक वर्मा के सहयोग और शिवसेना के प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी के संगठनात्मक समर्थन से यह स्वास्थ्य शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हो सका है। वरिष्ठ नेतृत्व की प्रेरणा और स्पष्ट दिशा निर्देशों ने इस अभियान को व्यापक स्वरूप दिया है। उन्होंने कहा कि मेदांता जैसी देश की अग्रणी अस्पताल श्रृंखला के साथ शांति विलास हॉस्पिटल, पार्वती हॉस्पिटल, आरके नर्सिंग होम एवं जीटी आरोग्यम के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों का योगदान बेहद सराहनीय रहा। इनके समर्पित प्रयासों से एक वर्ष से लेकर सौ वर्ष तक के हजारों लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। रुचि तिवारी ने सभी पदाधिकारियों कार्यकताओं, चिकित्सकों और सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन सेवा, समर्पण और संगठन की एकजुटता का परिणाम है। ऐसे जनहितकारी प्रयास आगे भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की प्रेरणा देते रहेंगे।



शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि तिवारी

# शीतलहर को देखते हुए प्रशासन ने चौराहों पर जलाए अलाव



**प्रयागराज ।** 21 दिसम्बर, 2025 को शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड के प्रकोप को देखते हुए सीलम सांई तेजा, नगर आयुक्त, नगर निगम, प्रयागराज द्वारा समस्त जोनल अधिकारियों को अलाव एवं रैन बसेरा का निरीक्षण किये जाने का निर्देश दिया गया ताकि निरश्रित एवं रात को फुटपाथ एवं सड़को पर राज गुजारने वालो को ठंड से राहत के दृष्टिगत सभी जोन के मुख्य चौराहों, लेबर चौराहों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डा एवं रैन बसेरों आदि पर अलाव की व्यवस्था रहे। साथ ही रैन बसेरों को साफई का विशेष ध्यान रखते हुए तकिया चादर, गद्दे एवं राजाई/कम्बल व शुद्ध पेयजल इत्यादि का भी विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित अधिकारियों निरन्तर निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिये गये ।

# पूर्व विधायक विजय मिश्र के बेटे को हाईकोर्ट से मिली जमानत, दुष्कर्म पीड़िता को धमकी दिलाने का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा जेल में बंद भदोही से सपा के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र के बेटे विष्णु मिश्र को सशर्त जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह की एकलपीठ ने दिया है। वाराणसी के जैतपुरा थाने में 13 सितंबर 2021 को एक महिला ने धमकी देने व हत्या का प्रयास सहित कई आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने पूर्व विधायक विजय मिश्र, उनके बेटे विष्णु मिश्र, नाती विकास मिश्रा, बेटी रीमा पांडेय, सीमा पांडेय समेत 12 लोगों को नामजद किया था।महिला ने विधायक विजय मिश्र व अन्य पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आरोप लगाया था कि उनके बेटे व अन्य ने उसके घर पर पहुंच कर बयान बदलने के लिए धमकाया। मुकदमे में सुलह करने के किए दबाव डाला गया। इस मामले में जेल में बंद विष्णु मिश्र ने अप्रैल 2025 में इलाहाबाद हाईकोर्ट में तीसरी जमानत अर्जी दायर की।पहली 30 अक्तूबर 2023 और दूसरी जमानत अर्जी तीन मार्च 2025 को खारिज कर दी थी। तीसरी जमानत अर्जी पर याची अधिवक्ता ने दलील दी कि याची निर्दोष है और उसे गलत फंसाया गया है। कथित घटना के लगभग नौ महीने बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। इसका कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं है। याची 24 जुलाई 2022 से जेल में है। जमानत दी जाती है तो वह उसका दुरुपयोग नहीं करेगा।

**पीड़िता के अधिवक्ता ने सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताई**

शिकायतकर्ता महिला की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि आवेदक विष्णु पर विधायक विजय मिश्रा के साथ 2020 में भी भदोही के पुलिस स्टेशन गोपीगंज में सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी मामले की शिकायतकर्ता को धमकी दी गई है। जेल से छूटने के बाद आरोपी सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता है। कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पाया कि शिकायतकर्ता की पहले ही ट्रायल कोर्ट के सामने जांच हो चुकी है। इसलिए ये जमानत का मामला बनता है। कोर्ट ने सशर्त जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

## मांडा के स्कूल में संचालक ने कंबल बांटे,



**मांडा।** क्षेत्र स्थित पंडित दीनानाथ विद्या मंदिर के संचालक आशीष तिवारी ने विद्यालय परिसर में गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। यह वितरण कार्यक्रम ठंड से बचाव के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। आशीष तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके माता–पिता की इच्छा पर आधारित है। उनके माता–पिता ने 2026 के माघ मेले में कल्पवास करने से पहले गरीब लोगों की मदद करने की इच्छा व्यक्त की थी। इसी के तहत यह कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंबल प्राप्त करने वाले लोगों ने इस पहल पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के सहयोग से उन्हें ठंड से राहत मिलेगी। इस अवसर पर डॉक्टर आनंद कुमार चौबे, रंजन मिश्रा, विक्की तिवारी, राकेश तिवारी, टिंकू जायसवाल, लाल यादव, सियाराम गौतम, लालजी धैकार और संदीप पांडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस सामाजिक कार्य की सराहना की।

## पशुओं को चारा डालने के विवाद में बेटे ने की पिता की हत्या, एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज ।** बारा थाना क्षेत्र के सीधीकट गांव में बेटे की पिटाई से घायल पिता की अस्पताल में मौत हो गई। शनिवार की रात में मवेशियों को चार डालने को लेकर पिता–पुत्र में विवाद हो गया था। बेटे ने लाठी से पिता के सिर पर वार कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव के अनुसार बारा थाना क्षेत्र के पंडित का पूरा सीधीकट गांव निवासी राम बहादुर (65) का शनिवार देर शाम बेटे रामबाबू से पशुओं का चारा डालने के लिए विवाद हो गया। इसी दौरान बेटे रामबाबू ने घर में रखी लाठी से पिता के सिर में प्रहार कर दिया। लाठी के प्रहार से बुजुर्ग पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हालत में बुजुर्ग को परिवार के लोगों ने स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार को सुबह राम बहादुर की सांसें थम गईं। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## करछना में कंबल वितरण कार्यक्रम, जरूरतमंदों को मिली राहत



**कौंधियारा।** यमुनापार के करछना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा नेता आलोक रंजन शुक्ला, महामंत्री करछना ने किया। इस दौरान क्षेत्र के जरूरतमंद, गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से बचाव का प्रयास किया गया।
कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। आलोक रंजन शुक्ल ने कहा कि शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों की सहायता करना सामाजिक दायित्व है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना ही इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य है और आगे भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान धर्मेश पांडे, राम मूरत, नागेन्द्र चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और उनके हालचाल भी पूछे। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर राहत और संतोष दिखाई दिया।

# फर्जी वसीयत के जरिए सम्पत्ति अपने नाम कराने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बसदेया (बरईपुर) निवासनीय मीना कुमारी पुत्री स्वर्गीय राम अभिलाष का कहना है कि उनके पिता राम अभिलाष की मृत्यु हो चुकी है।मीना कुमारी का आरोप है कि उसके पडोसी ने पिता के मरने के एक माह बाद फर्जी कूटरचित, दस्तावेज तैयार कर चल अचल सम्पत्ति का अपने नाम वसीयत करा लिया।मीना कुमारी का आरोप है कि जब उसे पता चला तो उसने इसकी शिकायत तहसील में की।जिसकी जांच ग्राम विकास अधिकारी जिया कुशवाहा ने की । जांच सत्य पाया गया।ग्राम विकास अधिकारी जिया कुशवाहा ने मऊआइमा थाने में धर्मेंद्र कुमार पुत्र जगन्नाथ निवासी बसदेया (बरईपुर) के खिलाफ जाल साजी,फ्राड आदि का मुकदमा दर्ज करा दी है।

## कोहरे में रिफ्लेक्टिव लाइटों के लगाने से वाहन चालकों को मिलेगा स्पष्ट मार्गदर्शन : सचिन गुप्ता

**सड़क दुर्घटनाओं पर के उद्देश्य से मेजा में क्रिटिकल कारीडोर टीम ने शुरू की सराहनीय पहल,कठौली ओवरब्रिज से कटका टौंस पुल तक रेडियन लाइटें की गई स्थापित**

**मेजा।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से मेजा क्षेत्र में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम द्वारा सराहनीय पहल की गई है। टीम ने कठौली पुल से लेकर कटका पुल तक रेडियन (रिफ्लेक्टिव) लाइटें स्थापित की हैं, जिससे कोहरे के दौरान सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को स्पष्ट मार्गदर्शन मिल सके। क्रिटिकल कॉरिडोर प्रभारी सचिन गुप्ता ने बताया कि घने कोहरे में ये रेडियन लाइटें दूर से ही चमकने लगती हैं, जिससे वाहन चालकों को सड़क की दिशा और किनारे का अंदाजा पहले ही हो जाता है। इससे दुर्घटनाओं की संभावना में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर टीम लगातार सतर्क है और दुर्घटना संभावित मार्गों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# कामेश्वर पटेल चुने गए प्रांतीय परिषद के सदस्य भाजपाइयों ने दी बधाई किया स्वागत एवं अभिनंदन

कहा - संगठन और पार्टी की नीतियों एवं जन कल्याणकारी उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा और ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करना ही होगी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा बार के अधिवक्ता एवं भाजपा के सक्रिय पदाधिकारी कामेश्वर पटेल के प्रांतीय परिषद का सदस्य निर्वाचित होने पर कार्यक्रम आयोजित कर भाजपाइयों ने बधाई देते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया है।

उल्लेखनीय है कि बतौर मुख्य अतिथि भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में श्री पटेल को भाजपा कार्यकताओं द्वारा यह सम्मान दिया गया। गौरतलब है कि संगठन में प्रांतीय परिषद का सदस्य चुने जाने पर युवा एवं संघर्षशील पदाधिकारी कामेश्वर पटेल ने संगठन और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन और पार्टी को मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर विहिप के ई नित्यानंद उपाध्याय,अपना दल के राष्ट्रीय सचिव बुलबुल पटेल,व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय,अमरेश तिवारी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसा लखन केशरी आदि के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



कामेश्वर पटेल के प्रांतीय परिषद का सदस्य चुने जाने पर स्वागत एवं अभिनंदन करते भाजपाई

# सपा विधायक ने एसआईआर को लेकर की समीक्षा बैठक

**मांडा-प्रयागराज।** यमुनापार मेजा स्थित सोनाई-भरारी के सरदार पटेल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सपा मेजा विधायक संदीप पटेल, जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद और विधानसभा अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा एस आई आर 'रक्क्र' नामक एक अहम मुद्दे पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान, सपा के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा प्रत्येक मतदाता पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक श्री पटेल ने बीएलओ के प्रयासों की सराहना की और सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि छूटे हुए मतदाताओं के फॉर्म भरने के लिए 26 दिसंबर तक का समय है, और सभी से मिलकर कार्य को पूरा करने कि अपील की। इस समीक्षा बैठक में मेजा विधायक श्री पटेल के साथ जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, जिला उपाध्यक्ष जय शंकर भारती, महामंत्र इंजीनियर जगदीश सिंह यादव, एड.अवधेश यादव, कोटहाँ के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मैनुद्दीन अंसारी, चमन राइन, तौफीक राइन और सभासद जावेद खान सहित कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## भारतगंज में 45 सार्वजनिक स्थानों पर बांटी गई लकड़ियां

**मांडा।** भारतगंज नगर पंचायत ने ठंड से बचाव के लिए 45 सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ियों का वितरण किया है। इस पहल के लिए भारतगंज की जनता ने नगर पंचायत अध्यक्ष फरा बेगम और अधिशासी अधिकारी (ईओ) बंटी कुमारी का आभार व्यक्त किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष फरा बेगम ने बताया कि फिलहाल 45 स्थानों को चिह्नित कर लकड़ियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की मांग के अनुसार और स्थानों को चिह्नित कर वहां भी लकड़ियां पहुंचाई जाएंगी। अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी ने जानकारी दी कि नगर पंचायत में 10 बिस्तरों वाला एक रैन बसेरा भी स्थापित किया गया है। यह रैन बसेरा यात्रियों और राहगीरों को ठहरने और आराम करने की सुविधा प्रदान करेगा, साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

## अमेज ने एक शाम परिवार के नाम का किया आयोजन, रंगारंग कार्यक्रम ने बांधा शमां




**प्रयागराज।** इन्वर्टर और बैटरी की दुनिया में अग्रणी नाम अमेज ने लक्ष्मी टॉकीज के निकट एक गेस्ट हाउस में एक शाम परिवार के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान इन्वर्टर और बैटरी डिस्ट्रीब्यूटर अजटेक कंप्यूटर अेंश्ी ु१ल्लि के लिए डीलर के परिवार के लिए कार्यक्रम में कंपनी की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर शिव शंकर सिंह की उपस्थित ने लोगो में उत्साह का संचार किया। अमेज जहां एक ओर बड़े ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। वहीं उपभोक्ताओं को निम्न गुणवत्ता के उत्पाद से बचाते हुए उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उचित दाम पर उपलब्ध करा रहा है। देश में बैटरी, इनवर्टर और सोलर प्रोडेक्ट के क्षेत्र में अमेज के अटअेए इफ्अठऊ जनरल मैनेजर संजय सिंह, शाखा प्रबंधक मानवेंद्र सिंह, विश्वेंद्र और शशांक ने शिरकत किया। सबसे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, जनरल मैनेजर संजय सिंह, मानवेन्द्र सिंह, निदेशक अजीत जयसवाल ने संयुक्त रूप से अमेज इन्वर्टर और बैटरी लॉंच किया। अजीत जायसवाल ने सभी सम्मानित डीलर्स के साथ मिलकर अटअेए इफ्अठऊ की सफलता और उज्ज्वल भविष्य के लिए एक दूसरे को बधाई दी। प्रयागराज जिले के सभी प्रमुख डीलर्स ने ब्रांड को सुलभता से ग्राहक तक पहुंचाने की बात की। डिस्ट्रीब्यूटर अजीत जयसवाल एवं संजय सिंह मानवेन्द्र सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मोटिवेशनल स्पीकर शिवशंकर ने उपस्थित लोगों से अमेज ब्रांड के बारे में रूबरू कराकर लोगों उत्साहित किया। संजय सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ 7 वर्षों में अपनी उत्तम क्वालिटी, ग्राहक को सबसे अच्छी सर्विस, उचित कीमत पर सबसे आधुनिक तकनीक के प्रॉडक्ट उपलब्ध कराकर अमेज ने पूरे भारत समेत कई देशों के उपभोक्ताओं में एक भरोसा और विश्वास प्राप्त किया।

# दुष्कर्म के प्रयास के मामले में बाजार में तनाव, पीएसी व पुलिस बल तैनात

अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में शनिवार शाम मासूम किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई है। वहीं पुलिस आरोपित के घर से दो बाइक व ई रिक्शा कोतवाली लेकर चली गई। आरोपित पूरे परिजनों संग घर में ताला लगाकर फरार बताया जा रहा है। पुलिस आरोपित की तलाश में कई जगह दबिश दे रही है।

उडैयाडीह बाजार में चाट की दुकान चलाने वाले एक युवक की 7 वर्षीय मासूम बेटी के साथ गैर समुदाय का एक युवक अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास



किया था।मामले को लेकर बाजार वासियों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी लेकिन उसका सुराग नहीं मिल सका। उधर पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक प्लाटून पीएसी व पुलिस बल तैनात कर दिया है।आरोपित के घर से पुलिस दो बाइक व ई रिक्शा कोतवाली लेकर चली गई। शनिवार रात आठ बजे के करीब सूचना पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी उडैयाडीह बाजार पहुंच गए।घटना को लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

## पिता की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बेलखरनाथ धाम।दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपित उडैयाडीह बाजार निवासी जबेद उर्फ चांद बाबू पुत्र वारीस के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम कई जगह दबिश दे रही है।

## आरोपित के कई कारनामे की दिन भर रही चर्चा

बेलखरनाथ धाम। आरोपित जवेद उर्फ चांद बाबू के कई कारनामों की चर्चा बाजार में दिन भर रही है। सूत्रों ने बताया कि वह कुछ दिन पहले भी एक युवती को बहला फुसलाकर यहां लाया था। इसके अलावा एक दूसरे जिले में भी छेड़छाड़ के मामले में इसके विरुद्ध कार्रवाई हुई थी।इस बात की चर्चा दिन भर लोगों की जुबान पर रही।

## न्यूज झरोखा

### चाय पीने से दो मासूमों की हालत बिगड़ी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सरखेलपुर गांव में रविवार को लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया, जहां चाय में गिरे जहरीले जंतु के कारण दो मासूमों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सरखेलपुर गांव निवासी संजय सरोज के पुत्र आर्यन (18) और कुणाल (12) रविवार की सुबह सोकर उठे। ब्रश करने के बाद उन्होंने घर में पहले से बनी रखी चाय पी ली। चाय पीने के कुछ समय बाद, लगभग 11 बजे दिन में दोनों की हालत अचानक बिगड़ने लगी। बच्चों को उल्टी, घबराहट और कमजोरी महसूस होने पर परिजन घबरा गए।परिजनों ने जब चाय के बर्तन को ध्यान से देखा तो उसमें छिपकली गिरी हुई थी। जिससे अंदाजा लगाया गया कि चाय जहरीली हो गई थी। इसके बाद परिजन बिना देर किए दोनों मासूमों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लेकर पहुंचे।सीएचसी पट्टी में डॉक्टरों की निगरानी में दोनों का उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल दोनों की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।

### युवाशक्ति संवाद कार्यक्रम में आज शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में बारह बजे लालगंज के समीप वर्मानगर स्थित जमुना प्रसाद यादव माध्यमिक विद्यालय में युवा शक्ति संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद वह दिन में डेढ़ बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई व कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। अपरान्ह तीन बजे सांसद प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। वह इसके बाद पूरे मना रेहुआ लालगंज व मनौती में भी आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिए शिविर का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के तहत आगामी तेईस दिसम्बर को लालगंज एवं सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ जनों की सुविधाओं के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं अगले दिन चैबीस दिसम्बर को यह शिविर रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक में लगेगा। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा लगाये जाने वाले शिविर में दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण वितरित किये जाने हेतु चयनित किया जायेगा। शिविर के संयोजक सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क परीक्षण शिविर में चयनित लाभार्थियों को पात्रता के अनुरूप प्रमाण पत्र, ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड साइकिल, ब्हील चेयर, बैसाखी, नेत्र विकलांग स्मार्ट स्टिक, इयर मशीन आदि के वितरण हेतु चयनित किया जायेगा। शिविर के आयोजन को लेकर रविवार को हुई तैयारी बैठक में केडी मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, डॉ. अमिताभ शुक्ल, छोटे लाल सरोज, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम



**लालगंज।** दुर्घटना में युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मनीपुर दीवानी वार्ड निवासी रामखेलावन विश्वकर्मा का सत्ताईस वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश विश्वकर्मा उर्फ जोखू बाइक से रविवार की शाम करीब पांच बजे घर से निकला। वर्मानगर के समीप शिवदीन का पुरवा में युवक की बाइक अचानक असंतुलित होकर पल्टा खा गयी। मृतक सड़क के किनारे खड्ड में गिर गया। आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर आनन फानन में पहुंची पुलिस ने घायल को लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना परिजनों को हुयी तब कोहराम मच गया। पुलिस ने देर शाम शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक अपने पीछे पत्नी वंदना व तीन वर्षीय बेटे सानू को निराश्रित छोड़ गया है।

## युवती ने लगायी सई नदी में छलांग, डूबने से हुई मौत



अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी रानीगंज मार्ग पर जामताली पुल के पास 18 वर्षीय युवती ने छलांग लगाकर जान दे दी।नदी के किनारे मौजूद लोगों उसे बाहर निकाला लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थी।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कठार गांव निवासी राजकुमार पाल की 18 वर्षीय पुत्री अंतिमा मानसिक रूप से कमजोर थी। रविवार सुबह अचानक घर से निकली और जामताली पुल से छलांग लगा दी। शौच को गए आसपास के लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां राजकुमारी ने बताया कि अंतिमा बचपन से थोड़ा मंद बुद्धि रही।अभी कुछ समय पहले वह अचानक घर से लापता हो गई तो पट्टी थाने की पुलिस ने उसे घर पहुंचाया था। घटना को लेकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## संपूर्ण विश्व को हिंदुत्व ही एकता एवं बंधुत्व का देता है संदेश : सुभाष

### हिन्दू सम्मेलन में मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा लोगों का मन

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** भारत को विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठापित करने के लिए भारत को जाति-पाति का भेद मिटाकर हिन्दू संस्कृति पर चलना होगा। भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, इसे घोषित करने की जरूरत नहीं। अनेक आक्रमण झेलने के बाद भी भारत में हिंदुत्व जिंदा है। सम्पूर्ण विश्व को हिंदुत्व ही बंधुत्ता और एकता का संदेश देता है। उक्त विचार सकल हिन्दू समाज समिति दयानंद बस्ती द्वारा आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपास्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने रखी। उन्होंने आगे कहा कि हिन्दू एक जीवन पद्धति है जो सबको आदर्शों पर चलना सिखाती है। हिंदू ही हैं सर्वे भवन्तु सुखिन रू अर्थात जो सबके सुख की कामना करता है। आज हमें विधर्मियों के षड्यंतो से बाहर आकर एक सूत्र में आबद्ध होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योतिषाचार्य पंडित अमरनाथ मिश्र, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता बृजलाल सरोज एवं साध्वी विभा दीदी, कथावाचक शिवम प्रपन्नाचार्य एवं समाजसेविका श्रीमती प्रेम कुमारी रहे। कार्यक्रम की शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रवज्जलन के साथ हुआ। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन गायन, देशभक्ति गीत,कविता पता, सामूहिक हनुमान एवं वंदेमातरम् गीत हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि पंडित अमरनाथ ने कहा कि हम हिंदुओं के संगठित प्रयास से ही भारत भव्य होगा क्योंकि हिंदू ही भारत को अपना समझता है अन्य नहीं। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपना ओजपूर्ण विचार प्रकट किया। अंत में अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश ने कार्यक्रम में आए बंधुओ के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में जिला संघचालक चिंतामणि,जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार ,सतीश उपाध्याय, अजय, रवीश मिश्रा , राघवेंद्र तिवारी, शिव शंकर सिंह, शिवेश शुक्ल, राजेंद्र विक्रम सिंह, प्रभात मिश्रा, अभय सिंह,शीतांशु ओझा, अनूप, आलोक गर्ग, चन्द्रेश, महेश गुप्ता, विपिन, माधुरी, यशोदा, डॉक्टर आर पी सिंह,आलोक शुक्ल, सुनील दुबे, सुशील, दिव्या, प्रिया, दिनेश पांडेय, रवि प्रताप सिंह, रश्मि सिंह, रिचा सिंह, डॉक्टर आर एन सिंह, बृजेश पांडेय, सतेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, अशोक आहूजा, संजीव आहूजा, पंकज तिवारी, निराला, राजेश मिश्रा, देवानंद त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## अटल जयंती शताब्दी समापन पर निबंध व काव्य पाठ प्रतियोगिता सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** नगर स्थित रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती (जन्म शताब्दी वर्ष) के समापन अवसर पर तहसील स्तरीय निबंध लेखन एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तहसील क्षेत्र के छह विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।निबंध लेखन प्रतियोगिता में रामराज इंटर कॉलेज पट्टी के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा।निबंध लेखन में आनंदी मिश्र प्रथम, नीरज पटेल द्वितीय व अर्पिता मिश्रा को तृतीय स्थान हासिल हुआ। वहीं काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजकीय



बालिका इंटर कालेज देवसरा की जागृति पांडे को प्रथम, रामराज इंटर कालेज की सिद्धि सिंह को द्वितीय व रामराज इंटर कालेज के अर्पित मिश्र को तृतीय स्थान हासिल हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरुण पटेल, अरुण मिश्र, राजेश दुबे, नीलाभ मिश्र, प्रमोद दुबे, पंकज तिवारी सहित अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## रंजिशन मारपीट को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज।** रंजिश को लेकर पीड़िता तथा उसके पति पर जानलेवा हमले को लेकर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के शीतलमउ निवासी सुभाष कुमार कोरी की पत्नी आरती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बीस दिसम्बर को ग्यारह बजे दिन वह अपने पति सुभाष के साथ सराय अवसान सिंह गांव में साफ सफाई करने गयी थी। पड़ोस के धर्मेन्द्र कोरी सुत मेवा लाल व उसकी मां प्रेमा देवी ने एक राय होकर दरवाजे पर पहुंचकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। धर्मेन्द्र ने पीड़िता का मंगल सूत्र तोड़ दिया। चीख पुकार सुनकर पीड़िता का पति बीच बचाव को पहुंचा तब आरोपी धर्मेन्द्र ने उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। चीखपुकार सुनकर आस पास के लोग दौड़े तब आरोपी जानलेवा धमकी देते भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र समेत दो के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है।

## एक ही रात चार घरों में चोरी की वारदात से फैली दहशत, हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोहरे और गलन के बीच चोरों ने एक ही रात चार घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर लोगों की नींद उड़ा दी है। शनिवार की रात लालगंज कोतवाली क्षेत्र के हिरउ का पुरवा बेलहा तथा पूरे रमन मेढ़ावा में चोरों ने वारदात के तहत नकदी, जेवरात उड़ा लिये। पूरे रमन मेढ़ावां निवासी राधेश्याम वर्मा बगल के नया का पुरवा में जन सेवा केन्द्र का संचालन करते हैं। चोरों ने आधी रात घर में घुसकर घर में रखे नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इसी गांव के शिवपाल के यहां भी चोर दरवाजे से घर के अंदर घुस गये। बदमाशों ने घर से महिलाओं के कीमती सोने व चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। दुस्साहसिक वारदातों में चोरों ने हिरउ का पुरवा बेलहा में अवध नारायण तिवारी के घर में भी घुसकर चोरी की घटना अंजाम



दी। अवध नारायण के घर से भी जेवरात की चोरी हुयी है। वहीं इसी गांव त्रिजुगी नारायण मिश्रा के घर चोरों ने बांस की सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते प्रवेश कर लिया। बदमाशों ने यहां भी नकदी व सोने चांदी के आभूषण उड़ा लिये। रविवार की सुबह पीड़ित सो कर उठे तब घर के अंदर बिखरे सामान देखकर आवाक रह गये। डायल पुलिस सूचना पर प्रभावितों के घर पहुंची और घटना का निरीक्षण किया। चोरी की घटनाओं से पीड़ित घरों में महिलाओं का रोना बिलखना भी देखा गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है, घटनाओं की जांचकर जल्द खुलासा किया जायेगा। वहीं एक ही रात दो गांवों में चार चार घरों में चोरी की घटनाओं से लोगों का सकून भी उड़ा देख गया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के खाते से उड़ाए पचहत्तर हजार

**पट्टी।** कोतवाली कस्बे के सिविल लाइन निवासी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष के बैंक खाते से साइबर ठगों ने पचहत्तर हजार रुपए निकाल लिये। खाते से धनराशि निकलने की जानकारी मिलते ही पीड़ित के होश उड़ गए।पीड़ित रमेश सोनी ने बताया कि उनके खाते से बिना किसी जानकारी के ऑनलाइन माध्यम से रुपये निकाल लिए गए। मामले की जानकारी होते ही उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, साथ ही संबंधित बैंक को भी सूचित किया।सूचना के बाद साइबर क्राइम टीम द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि खाते से निकाले गए धन की ट्रांजैक्शन डिटेल खंगाली जा रही है और साइबर ठगी में शामिल लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।इस घटना के बाद क्षेत्र में साइबर अपराध को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है।

## पुलिस ने अवैध गांजे के साथ तस्कर को दबोचा

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना बाघराय पुलिस ने 1 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा एवं गांजा बिक्री से प्राप्त 140 रुपये के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर करिश्मा गुप्ता के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बाघराय श्रवण कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चरही नहर पुलिया तिराहा के पास से अभियुक्त को धर दबोचा गया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमित सिंह (36) पुत्र स्व. समर बहादुर सिंह,



निवासी ग्राम सराय बबुज्न, थाना बाघरायके रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से कुल 1240 ग्राम अवैध गांजा तथा 140 रुपये नगद बरामद किए गए।बरामदगी के आधार पर थाना बाघराय में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवी दयाल कश्यप,उपनिरीक्षक अवधेश कुमार सिंह,कांस्टेबल संदीप कुमार,कांस्टेबल सुधीर गौड़ एवं कांस्टेबल सचिन ठेनुआ शामिल रहे।

## काउंटर से उड़ाये एक हजार, केस दर्ज

**लालगंज।** दुकान में घुसकर काउन्टर से एक हजार रुपए चोरी करने को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के असांव निवासी विनोद कुमार तिवारी पुत्र स्व शोभनाथ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह लालगंज के अमावां चैराहे पर मेडिकल स्टोर का संचालक है। सांगीपुर थाना के ओरीपुर नौगीर निवासी हारून के पुत्र समीर ने उसकी दुकान में घुसकर काउन्टर से एक हजार रुपए चोरी कर कपड़े में छिपा लिया। इस बीच पीड़ित ने घटना को देख लिया। आस पास के लोग के जुटने पर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना को लेकर सांगीपुर पुलिस ने आरोपी समीर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

## रोमांचक मुकाबले में लालगंज प्रीमियर लीग में केशव स्टार-11 को मिली विजेता ट्रॉफी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के मैदान पर रविवार को लालगंज क्रिकेट प्रीमियर लीग-8 के फाइनल मुकाबले में केशव स्टार-11 की टीम को रोमांचक मुकाबले में विजेता का खिताब हासिल हुआ। वहीं उपविजेता यूपी पीसीएल पावर स्ट्राइकर की टीम रही। मैन आफ द मैच केशव स्टार के कैप्टन केशव मिश्र रहे। फाइनल मुकाबले में यूपी पीसीएल पावर स्ट्राइकर टीम ने पहले बल्लेबाजी की। यूपी पीसीएल ने नौ विकेट पर एक सौ सैंतीस रन बनाये। चुनौती का मुकाबला करने मैदान में उतरी केशव स्टार-11 ने 13.4 ओवर में ही एक सौ अंडतीस रन बनाकर विजेता कप पर शानदार



कब्जा जमा लिया। रविवार को लालगंज में साप्ताहिक बंदी के कारण फाइनल मैच देखने के लिए युवाओं के साथ व्यापारियों की भी मैच को देखने के लिए मैदान पर भारी भीड़ जमा दिखी। समापन समारोह में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश ने विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल तथा नगद पुरस्कार के साथ कप प्रदान किये। अतिथियों ने मैन आफ द मैच केशव मिश्र को शील्ड के साथ विशेष पुरस्कार से नवाजा। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक केशव मिश्र व अनुराग उपाध्याय ने अतिथियों को समिति की ओर से सम्मानित किया। वहीं आयोजन समिति के सहयोगी ऋषि द्विवेदी, अनुराग पाण्डेय, अंजनी मिश्र, अमित उपाध्याय, आशीष मिश्र, आशीष द्विवेदी, सलमान, अखिलेश मिश्र क्रिकेट प्रीमियर लीग को लेकर सराहनीय भूमिका में दिखे। मैच की कमेंट्री सलमान व अखिलेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सुनील सिंह, विजय जायसवाल, अखिलेश सिंह, विद्युत मिश्र, साकेत मिश्र आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई अस्पताल पहुंचते ही बाइक सवार एक की मौत एक घायल

अखंड भारत संदेश

**दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए मौके पर कोहराम मचा हुआ है**

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव के रावण मैदान के पास रविवार शाम अनियंत्रित होकर बाइक सवार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए हैं जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंच गई है बताया जाता है कि इलाज के लिए ले जाते वक्त एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है दूसरे व्यक्ति का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी राजू पटेल उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र लाल चन्द्र व जसवंत उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र सीताराम रविवार के दिन किसी काम से बाइक से टेढ़ीमोड गए हुए थे।शाम पांच बजे वह दोनों वापस बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव के रावण मैदान के पास पहुंचे कि उनकी बाइक



अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे शीशम के पेड़ से टकरा गई हैं जिससे बाइक सवार सड़क पर घिसटते चले गए और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर



पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई दुर्घटना की जानकारी मिलते ही शहजादपुर चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को एंबुलेंस की



मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू भिजवाया बताया जाता है कि अस्पताल पहुंचते पहुंचते जसवंत पुत्र सीताराम की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना में घायल राजू का इलाज अस्पताल में चल रहा है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कौशाम्बी के दो अंग्रेजी शिक्षकों श्रद्धा द्विवेदी व नरेन्द्र तिवारी द्वारा की गई पीएम ई-विद्या के लिए रिकार्डिंग

## दोनों शिक्षकों ने जनपद कौशांबी को किया गौरवान्वित





**महेवाघाट कौशांबी।** जनपद के दो अंग्रेजी शिक्षको श्रद्धा द्विवेदी (पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इन्टर कालेज केसारी, कौशाम्बी वा नरेन्द्र तिवारी (राजकीय हाईस्कूल रसूलपुर बदले) द्वारा गत कुछ दिनों में पीएम ई-विया प्लेटफार्म के लिये ऑग्ल भाषा शिक्षण संस्थान प्रयागराज में विश्वष्टि स्क्रिप्ट राइटिंग की गयी साथ ही इन स्क्रिप्ट् के लिये वीडियो शॉट भी किये गये। पीएमई-विधा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है, जो 'एक राष्ट्र, एक डिजिटल प्लेटफार्म' के वहत छात्रों कक्षा 1 से 12 तक और शिक्षको को एक ही जगह पर डिजिटल और ऑनलाइन शिक्षा सामग्री (जैसे टीवी चैनल, रेडियो, पॉडकास्ट, मोबाइल एप, दीक्षा स्वयं उपलब्ध कराता है ताकि इंटरनेट की पहुँच न होने वाले बच्चों सहित सभी तक शिक्षा सुलभ हो सके और राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को पूरा किया जा सके।

# हाईवे में पलटा ट्रक लगा लंबा जाम

अखंड भारत संदेश

**सड़क पर बिखरे सामान को किनारे हटवा कर सड़क पर पलटी ट्रक को क्रेन मशीन के जरिए पुलिस ने हटवाने के बाद जाम समाप्त कराया**



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग के ओवर ब्रिज पुल के ऊपर रविवार की दोपहर सड़क के गड्ढे से अनियंत्रित होकर एक ट्रक सड़क पर पलट गया है जिससे ट्रक में रखा परचून का सामान पूरी सड़क पर बिखर गया है ट्रक पलट जाने के बाद सड़क पर आवागमन बाधित हो गया है और सड़क में दोनों तरफ कई किलोमीटर दूर तक वाहनों का लंबा जाम लग गया है जिससे ट्रक चालक वा आम जनता परेशान हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर भारी पुलिस फोर्स के साथ कोखराज थानेदार पहुंचे हैं और क्रेन मशीन मंगवाकर सड़क पर पलटे ट्रक को सीधा करवाया है सड़क पर बिखरे सामान को पुलिस ने किनारे करवाया है उसके बाद आवागमन बहाल हो गया है जानकारी के मुताबिक झारखंड निवासी पंकज शर्मा पुत्र शिवचरण ठाकुर ट्रक नंबर आरजे 14 एच 5997 में राजस्थान से परचून का सामान लेकर बंगाल जा रहा था जैसे ही ट्रक चालक पंकज शर्मा कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे के हाईवे के पुल के ऊपर पहुंचे रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण उनकी ट्रक लहराकर सड़क पर पलट गई हालांकि इस दुर्घटना में चालक पंकज शर्मा वा खलासी बाल बाल बच गए हैं उन्हें कोई चोट नहीं आई है लेकिन ट्रक में रखा परचून का सामान सड़क में बिखर गया जिससे सड़क में आवागमन बाधित हो गया है और लंबा दूर तक सड़क में जाम लग गया है जानकारी मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ कोखराज थानेदार पहुंचे है और सड़क पर बिखरे सामान को किनारे हटवा कर सड़क पर पलटी ट्रक को क्रेन मशीन के जरिए पुलिस ने हटवाने के बाद जाम समाप्त कराया है सड़क पर जाम लगने से काफी देर तक लोग परेशान दिखाई पड़े हैं।

# ना डॉक्टर ना रजिस्ट्रेशन फिर भी जगह-जगह पर खुले हैं पाली क्लीनिक और अस्पताल

**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार के चलते बिना डॉक्टर के और बिना रजिस्ट्रेशन के जगह-जगह पर पाली क्लीनिक और अस्पताल खुल गए हैं जहां मरीजों का इलाज तो कम होता है बल्कि इलाज के नाम पर उनके जेब में डाका डाला जाता है कथित डॉक्टर यमराज और डकैत बन गए हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग उसके बाद उनके ऊपर मेहरबान है इसी तरह के गगनदीप अस्पताल नारा कौशांबी में ना डॉक्टर है ना रजिस्ट्रेशन है ना अनुभव है फिर भी मरीज भर्ती किए जाते हैं इलाज में लगातार मौत हो रही है लेकिन उसके बाद दोषी पर कार्यवाही नहीं होती यह कौशांबी की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल है पूरे कौशांबी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नर्क बना कर रख दिया है गली-गली कुकुरमुत्ता की तरह अनपढ़ गवार लोगों ने कथित डॉक्टर बनकर अस्पताल खोलकर इलाज के नाम पर लूट मचा रखी है विभाग के लोग केवल वसूली तक सीमित रह गए हैं जिससे मरीज परेशान हो गए हैं नारा गांव के महानंदापुर मजरा में प्राइमरी स्कूल के बगल में अंकित धोबी का गगनदीप अस्पताल चल रहा है रजिस्ट्रेशन नहीं है योग्य डॉक्टर नहीं है लेकिन फिर भी अस्पताल पर कार्रवाई नहीं होती जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज मंझनपुर के बगल में नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे दर्जनों अस्पतालों पर सीएमओ खुद मेहरबान है नोटिस देने के बाद वर्षों बीत गए लेकिन दूसरी जगह पर अस्पताल नहीं शिफ्टिंग की गई तमाम अस्पताल ऐसे हैं जो मानक नहीं पूरा करते हैं लेकिन फिर भी अस्पताल संचालक पर कार्यवाही नहीं होती है 10 वर्षों के दौरान जिला अस्पताल के आसपास चलने वाले अस्पताल संचालकों ने बीस बीस करोड़ से अधिक की दौलत एकत्रित कर ली है यदि यह यमराज नहीं थे डकैती नहीं थे तो 10 वर्षों के बीच 20 करोड़ की दौलत कहां से इन अस्पताल संचालकों ने एकत्रित की है यह जांच का विषय है। गलत तरीके से धन अर्जित करने के बाद पुलिस महकमे ने भी इन डॉक्टरों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट 14 एक के तहत संपत्ति जाप्तीकरण को कार्यवाही नहीं की है जिला अस्पताल से एक किलोमीटर दूर तक अस्पताल न खोलने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जाने के बाद भी सरकार के निदेर्शों का पालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी नहीं करवा पा रहे हैं जिससे उनकी लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# कौशाम्बी पुलिस का हर रविवार स्वच्छता की मिशाल अनुशासन और जिम्मेदारी का नया मानक

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जनपद में कानून-व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छता को भी प्रशासनिक प्राथमिकता देने वाले एसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस विभाग एक नई पहचान गढ़ रहा है। रविवार को पुलिस अधीक्षक के सशक्त निर्देशन एवं प्रेरक मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों और पुलिस कार्यालयों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसका असर हर परिसर में साफ दिखाई पड़ रहा है इस विशेष अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने केवल औपचारिकता नहीं निभाई, बल्कि श्रमदान के माध्यम से थाना परिसर, कार्यालय भवन, अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार,मालखाना, हवालात, आवासीय परिसर और शौचालयों की गहन साफ-सफाई कर यह संदेश दिया कि अनुशासन की शुरुआत स्वच्छता से होती है। कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और कार्य-अनुकूल बनाया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छता ही सेवा के भाव को आत्मसात करते हुए पुलिसकर्मियों ने न केवल प्रतिदिन साफ-सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया। बल्कि आमजन को भी स्वच्छ वातावरण के महत्व के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। यह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया कि कौशाम्बी पुलिस अब सिर्फ कानून का पालन कराने तक सीमित नहीं,बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। थाना और कार्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ, अनुशासित और सुव्यवस्थित रखना प्रत्येक पुलिसकमी की जिम्मेदारी है। उनके निर्देशानुसार यह अभियान आगे भी प्रत्येक रविवार नियमित रूप से जारी रहेगा। हर रविवार की तरह इस रविवार भी स्वच्छता अभियान का असर जमीन पर दिखा जो यह बताने के लिए काफी है कि जब नेतृत्व मजबूत हो, तो व्यवस्था खुद-ब-खुद बेहतर होती चली जाती है। कौशाम्बी पुलिस आज न केवल सुरक्षा की गारंटी है, बल्कि स्वच्छता और अनुशासन की प्रेरक मिसाल भी बन चुकी है।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित 2538 मरीजों का चिकित्सकों द्वारा किया गया उपचार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रत्येक रविवार को जनपद के सरकारी अस्पताल में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर दिनांक 21-12-2025 को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ के निर्देश के अनुसार आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी ' इस क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करारी, बैस कांटी,शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अशोक नगर गौरा एवं गांधीनगर मंझनपुर का निरीक्षण किया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को





मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के आयोजन में ब्लॉक स्तरीय अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारियों एवं कमर्चारियों द्वारा भी पयर्वेक्षण एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। रविवार को आयोजित होने वाले आरोग्य मेला का आशाओं, एएनएम के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जा रहा है जिससे कि आम लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 62 चिकित्साधिकारी व 153 पैरामेडिकल कमर्चारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 2538 मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 20 मरीजों को मेडिकल कॉलेज जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 151 गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

## सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों से मजदूरी कराने वाले दो शिक्षक निलंबित

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के प्राथमिक विद्यालय पवैया मैं विद्यार्थियों से मजदूरी कराई जा रही थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी होश में आए और मजदूरी कराने वाले शिक्षकों को निलंबित कर दिया है बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा ने गैर जिम्मेदार शिक्षकों प्रधानाध्यापक नीलम ओझा व सहायक अध्यापक हीरालाल एम कैथल को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं बच्चों सें स्कूल में मजदूरी का काम कराया जा रहा था तसले में बालू ढोते बच्चों का वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया था बच्चों से मजदूरी कराने के मामले में शिक्षकों पर कार्रवाई के बाद अध्यापकों में हड़कंप मच गया है।

## वारण्टी अभियुक्त को कौशाम्बी पुलिस ने किया गिरफ्तार


**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 71/2014 धारा 323/504/506 भादवि थाना व जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राजेश पुत्र ननकू पासी निवासी सड़वा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## आशा बहू के पति की धमकी से युवक आहत

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर एक निवासी सोनू पुत्र बीरन ने वार्ड की आशा बहू के पति पर गंभीर आरोप लगाया है। सोनू के मुताबिक उसके बच्चे को आशा गोदनामा लेकर सप्ताह में एक बार आती है और उसके बच्चे लाड दुलार कर चली जाती है ,सोनू के मुताबिक आशा का पति गाली गलौज करते हुए अपने पत्नी को युवक द्वारा पांच दिन से गायब करने का आरोप लगाया नहीं मिलने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी, सोनू के अनुसार आशा का पति उसके साथ पहले भी मारपीट कर चुका है वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा


### बंदर की मौत के तेरहवें दिन भोज का हुआ आयोजन






**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव में एक मानवीय भोज का आयोजन हुआ जिसकी क्षेत्र में बड़ी चर्चा रही है ।जानकारी के अनुसार अटसराय गांव के हाइवे पर 13 दिन पहले अज्ञात वाहन ने एक बंदर को टक्कर मार कर फरार हो गया था जिससे बंदर की मौत हो गई थी ।गांव के युवकों ने शोक जताते हुए बंदर का अंतिम संस्कार कर दिया था और 13वें दिन भोजन कराने का निर्णय लिया था ।प्राथमिक विद्यालय अटसराय के पास ग्रामीणों द्वारा मृत्यु भोज का आयोजन किया गया इस भोज में पहुंचे लोगों ने बंदर की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर भोजन गृहण किया। इस दौरान पूर्व प्रधान रमेश सिंह पाल, सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, अनिल पाल, सुनील पाल, रोहित पाल, इंदल सिंह यादव, सुरेश सिंह, मुन्ना पाल ,संजय विश्वकर्मी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### कम्बल वितरण कर पूर्व गृह मंत्री की मनाई जाएगी पुण्यतिथि




**भरवारी कौशांबी।** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय श्रम मंत्री और उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व गृहमंत्री धमवीर जी के 41 में पुण्यतिथि सोमवार 22 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे सुलेम सराय स्थित उनके आवास पर वैदिक रीति रिवाज से मनाई जाएगी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवार के लोगों द्वारा हवन पूजन के उपरांत श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा उसके बाद 11:00 से 12:00 बजे तक ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा मुंडेरा प्रयागराज स्थित उनके मूर्ति स्थल पर माल्यार्पण कर पूर्व मुख्यमंत्री धमवीर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी इसके बाद धमवीर सोशल फाउंडेशन के तत्वावधान में उनके परिजनों द्वारा गरीब असहाय लोगों को कम्बल का वितरण किया जाएगा

### पत्रकार के पिता बयोवृद्ध व्यापारी का निधन



**भरवारी कौशांबी** भरवारी कस्बे के नया बाजार मोहल्ला निवासी व्यापारी बांकेलाल केसरवानी का लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया है व्यापारी के निधन की जानकारी मिलते ही उनके घर पर कस्बे के सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई है अश्रपूर्ण नेत्रों से लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है अपने पीछे वह भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं उनके बेटे अरुण केशरवानी एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र में पत्रकार हैं पत्रकार के पिता की मौत की जानकारी जैसे ही पत्रकारों को लगी पत्रकारों ने भी शोक संवेदना व्यक्त किया है रविवार की दोपहर संदीपन घाट गंगा नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार सैकड़ो लोगों की उपस्थिति के बीच किया गया है और उन्हें अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि दी गई है व्यापारी की मौत की जानकारी मिलते ही पूरा कस्बा उनके अंतिम संस्कार में उमड़ पड़ा है बेहद सरल सज्जन स्वभाव के धनी बाके लाल केशरवानी हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे

### डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार हुआ गंभीर घायल



**कल्याणपुर कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पहलवान बाबा के पास रविवार शाम को एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप में घायल हो गया है दुर्घटना देखकर आस पास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है खबर लिखे जाने तक घायल का नाम पता नहीं मालूम हो सका है।

# झांसा देकर व्यापारी ने महिला का हड़प लिया 35000 धान बिक्री की रकम

## 3 वर्ष बीते महिला को नहीं मिला धान विक्रय का पैसा

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** मोहब्बत पुर पाइंसा थाना क्षेत्र के डेबरा मई गांव की महिला गुड़िया देवी पत्नी बिक्रम ने 3 वर्ष पहले अपना धान अझुवा के एक व्यापारी के हाथ बिक्री किया था महिला को झांसा देकर व्यापारी ने 35000 रुपए का धान खरीद लिया और कुछ दिन में पैसा देने की बात कही लगातार 3 साल से महिला अपनी रकम मांग रही है लेकिन केवल उसके साथ बहाने बाजी की जा रही है तीन साल बीत जाने के बाद भी महिला को व्यापारी में उसके धान की रकम 35 हजार रुपए नहीं दिया है बार बार हीला हवाली करते हुए व्यापारी ने तीन साल से धान खरीद के बकाया पैसे नहीं दिए। अब पैसा मांगने पर गाली गलौज करते हुए धक्का मार कर भगा दिया और धमकी देते हुए साफ इनकार कर दिया व्यापारी से अपना बकाया रकम न मिल पाने से पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सम्पादकीय

# देशी बीज बचाने वाले बाबूलाल दाहिया

**देशी** धान की खासियत होती है, वह स्वाद में बेजोड़ होती हैं। इसलिए दाम भी अच्छा मिलता है जबकि हाईब्रीड में स्वाद नहीं होता। देशी धान में गोबर खाद डालने से धान की पैदावार हो जाती है। जबकि हाइब्रीड या बौनी किस्मों में रासायनिक खाद डालनी पड़ती है। जिससे लागत बढ़ती है और भूमि की उर्वरक शक्ति भी कम होती है।

हाल ही मेरी बाबूलाल दाहिया से बात हुई। वे सतना जिले के पिथौराबाद गांव में रहते हैं। वे देशी बीजों के संरक्षण में लगे हैं और इसके लिए उन्हें पद्मश्री सम्मान से भी नवाजा गया है। आज के इस कॉलम में उनके अनूठे काम पर चर्चा करना चाहूंगा।

बाबूलाल दाहिया मूलतः बघेली के कवि रहे हैं। लेकिन कई सालों से देशी बीजों को बचाने में जुटे हैं। मैं उनके गांव तीन-चार बार गया हूं और उनके साथ लम्बी यात्राएं भी की हैं। गांव में वे खेती में देशी बीज बोते हैं, और उनका संग्रह करते हैं। उन्होंने देशी बीज बैंक भी बनाया है, जहां से किसानों को बीज भी देते हैं। हालांकि वे पिछले कुछ समय से एक अनूठे संग्रहालय को बनाने में लगे हैं, जिसमें उन्होंने खेती किसानी से लेकर ग्रामीण जनजीवन में काम आने वाली चीजों को संजोया है। बाबूलाल दाहिया की कुल 8 एकड़ जमीन है जिसमें से 2 एकड़ में ही देशी धान का प्रयोग कर रहे हैं। बाकी 6 एकड़ में भी देशी किस्में लगाते हैं, वह भी बिना किसी रासायनिक खाद के। साथ ही उचहेरा ब्लाक के 30 गांवों में भी किसानों के साथ मिलकर धान और पौष्टिक अनाज (कोदो,कुटकी,ज्वार) की खेती कर रहे हैं।

बाबूलाल दाहिया की खेती-किसानी के साथ-साथ साहित्य में रूचि रही है। वे बघेली के प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। लेकिन जब से उन्हें यह एहसास हुआ कि जैसे लोकगीत व लोक संस्कृति लुप्त हो रही है, वैसे ही लोक अन्न भी लुप्त हो रहे हैं, तबसे उन्होंने इन्हें सहेजने और बचाने का काम शुरू कर दिया।

उनके पास देशी धान की 100 से ज्यादा किस्में हैं। इन सभी धान के गुणधर्मों का उन्होंने बारीकी से अध्ययन किया है। वे हर साल इन्हें अपने खेत में बोते हैं और अध्ययन करते हैं।

दाहिया जी कहते हैं हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि धान और कोदो हमारे अपने क्षेत्र के अन्न हैं। इन दोनों के जंगली स्वरूप अब भी मौजूद हैं। धान की जंगली किस्म को पसही कहते हैं। हलशष्टी त्योहार को महिलाएं व्रत करने के बाद इसका ही चावल खाती हैं। पसही धान डबरों, पोखरों में होता है।

यह ऐसी ही हर साल पोखरों और डबरों में हर साल अपने आप उगती है, झड़ती है और वंश परिवर्तन (बीजों में बदलाव) करती जाती है। मनुष्य ने इनके गुणधर्मों का अध्ययन कर कालांतर में जंगली डबरों से अपने द्वारा बनाएं पानी वाले खेतों में इसे उगाना शुरू किया होगा, जहां लंबे समय तक पानी संचित रहे। बाद में चावल हमारे भोजन में शामिल हो गया। वे बताते हैं कि पहले हमारे क्षेत्र में पचासों तरह की धानें हुआ करती थी। इनमें बहुत विविधता है। जैसे गलरी पक्षी की आंख की तरह होता है गलरी धान।

# बेलगाम बांग्लादेश की अशांति भारत के लिये खतरा

-ललित गर्ग-

**बांग्लादेश** में बीते कुछ समय से जो घटनाक्रम सामने आ रहे हैं, वे किसी एक देश की आंतरिक समस्या भर नहीं रह गए हैं, बल्कि दक्षिण एशिया की समूची भू-राजनीतिक स्थिरता के लिए एक गंभीर चेतावनी बनते जा रहे हैं। युवा छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद जिस तरह ढाका सहित कई शहरों में हिंसा भड़की, उसने यह उजागर कर दिया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार न तो कानून का शासन स्थापित कर पा रही है और न ही समाज को उन्माद व कट्टरता से बचाने में सक्षम दिखाई देती है। सड़कों पर उग्र भीड़, अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले, हिन्दू धर्म-स्थलों को ध्वस्त करना, मीडिया संस्थानों के दफ्तरों में आगजनी, पत्रकारों पर हमले और असहमति की आवाजों को दबाने की कोशिशें यह संकेत देती हैं कि बांग्लादेश तेजी से अराजकता के दलदल में धंसता जा रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के भविष्य के लिए जितनी भयावह है, उतनी ही खतरनाक क्षेत्रीय शांति के लिए भी है।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक एवं त्रासद पहलू ह्यभारत विरोधी नैरेटिवह्ण का सुनियोजित एवं षड़यंत्रपूर्ण निर्माण है। शरीफ उस्मान हादी की हत्या के लिए बिना किसी ठोस जांच के भारत पर आरोप मढ़ना और उसके बाद भारतीय मिशनों को निशाना बनाने की कोशिशें यह बताती हैं कि हिंसा केवल स्वतःस्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि एक सुविचारित राजनीतिक और वैचारिक साजिश का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि जब भी बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है, कुछ कट्टरपंथी ताकतें भारत विरोध को एक आसान औजार की तरह इस्तेमाल करती हैं। इससे न केवल भीड़ को भड़काया जाता है, बल्कि आंतरिक विफलताओं से ध्यान हटाने का रास्ता भी मिल जाता है। अंतरिम सरकार की निष्क्रियता या मौन सहमति इस आशंका को और मजबूत करती है कि वह या तो इन ताकतों पर नियंत्रण खो चुकी है या फिर उनसे समझौता कर चुकी है। इसमें सबसे घातक है पाकिस्तान का साजिशपूर्ण तरीके से भारत विरोध को हवा देना।

भारत द्वारा अपने वीजा केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद करना और बांग्लादेशी उच्चायुक्त को तलब करना इस पृष्ठभूमि में एक आवश्यक और संतुलित कूटनीतिक कदम कहा जा सकता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र की यह जिम्मेदारी होती है कि वह विदेशी राजनयिकों और मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। ढाका में भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिशें और वहां प्रशासन की ढुलमुल प्रतिक्रिया यह दशार्ती हैं कि अंतरिम सरकार इस बुनियादी दायित्व को निभाने में विफल रही है। कूटनीति केवल सौहार्द की भाषा नहीं होती, बल्कि यह स्पष्ट संदेश देने का माध्यम भी होती है कि भारत अपने हितों और नागरिकों की सुरक्षा के प्रश्न पर किसी तरह की उदासीनता स्वीकार नहीं कर सकता।

इस अशांति का सबसे दर्दनाक और संवेदनशील पक्ष बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की बिगड़ती स्थिति है। कथित ईशनिंदा के आरोपों में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या इस बात का प्रमाण है कि कट्टरपंथी तत्वों को अब प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। जब न्याय भीड़ के हाथों में चला जाए और सरकार अल्पसंख्यक अधिकारों पर केवल औपचारिक बयान जारी करती रहे, तो यह लोकतांत्रिक राज्य की आत्मा पर सीधा प्रहार होता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी भी इस संदर्भ में कई सवाल खड़े करती है। मानवाधिकारों और अल्पसंख्यक संरक्षण की दुहाई देने वाले वैश्विक मंच तब मौन क्यों हो जाते हैं, जब यह उल्लंघन रणनीतिक या राजनीतिक समीकरणों के भीतर घटित होते हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र और सलाहकार साजीब वाजेद जॉय का यह कथन कि बांग्लादेश की



आग से भारत अछूता नहीं रह सकता, केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई है। भारत और बांग्लादेश के बीच हजारों किलोमीटर की साझा सीमा, सांस्कृतिक-सामाजिक रिश्ते और आर्थिक निर्भरता ऐसी है कि ढाका की अस्थिरता का असर स्वाभाविक रूप से भारत के सीमावर्ती राज्यों पर पड़ेगा। अवैध घुसपैठ, कट्टरपंथी नेटवर्कों की सक्रियता और सीमा पार अपराधों का खतरा इस अस्थिरता के साथ बढ़ता ही जाएगा।


आगामी फरवरी में प्रस्तावित आम चुनाव बांग्लादेश के लिए एक अवसर हो सकते थे, जिससे वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए स्थिरता की ओर लौट सके। लेकिन मौजूदा हालात में चुनाव की पारदर्शिता और शांति पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग चुके हैं। कट्टरपंथी ताकतें जनभावनाओं को भड़काकर हिंसा का माहौल बनाए रखने में जुटी हैं, ताकि सत्ता का संतुलन अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। अंतरिम सरकार का यह दायित्व है कि वह निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करे, लेकिन अब तक के संकेत बताते हैं कि वह इस चुनौती के सामने कमजोर साबित हो रही है। इस पूरे परिदृश्य में पाकिस्तान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलाना और भारत के पड़ोस में अशांति, हिंसा एवं आतंक के बीज बोना पाकिस्तान की पुरानी रणनीति रही है। बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठनों और भारत विरोधी तत्वों को वैचारिक, नैतिक और कभी-कभी परोक्ष समर्थन मिलना कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान के लिए यह एक अवसर की तरह है, जहां वह बांग्लादेश की आंतरिक कमजोरियों का फायदा उठाकर भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोल सकता है। सोशल मीडिया अभियानों से लेकर दुष्प्रचार तक, कई संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि बांग्लादेश में फैलाई जा रही भारत विरोधी भावना के पीछे पाक की सोच भी सक्रिय है। यह वही रणनीति है, जिसे पाकिस्तान ने अफगानिस्तान और अपने ही देश में अपनाकर पूरे क्षेत्र को अस्थिरता के गर्त में धकेल दिया।

भारत का रुख हमेशा से एक स्थिर, समृद्ध और लोकतांत्रिक बांग्लादेश के पक्ष में रहा है। आर्थिक सहयोग, बुनियादी ढांचे के विकास और मानवीय सहायता के माध्यम से भारत ने यह साबित किया है कि वह अपने पड़ोसी के साथ सहयोगात्मक संबंध चाहता है, न कि वर्चस्ववादी। लेकिन यदि ढाका की अंतरिम सरकार अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों और सांप्रदायिक हिंसा के लिए होने देती है, तो द्विपक्षीय संबंधों में आई दरार को भरना बेहद कठिन हो जाएगा। यह केवल कूटनीति का प्रश्न नहीं, बल्कि विश्वास और साझी सुरक्षा का भी मुद्दा है। अंतरिम सरकार के सामने अब दो ही रास्ते हैं। पहला, वह कठोर कार्रवाई कर यह साबित करे कि वह किसी कट्टरपंथी विचारधारा की बंधक नहीं है और कानून का शासन बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरा, वह निष्क्रियता और तुष्टीकरण के रास्ते पर चलते हुए देश को और गहरे संकट में धकेल दे। इतिहास बताता है कि दूसरा रास्ता अंततः लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने तीनों को नष्ट कर देता है। बांग्लादेश एक ऐसे समय अराजकता में डूबा है, जब वहां चुनाव सन्निकट है। अब इन चुनावों का सही एवं लोकतांत्रिक तरीके से होना संदिग्ध है। इन चुनावों में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भाग लेने से रोकना एवं पाकिस्तानपरस्त जमाते इस्लामी समेत अन्य कट्टरपंथी ताकतों को भी चुनाव लड़ने की छूट देना, अंतरिम युनूस सरकार की कुचेष्टा है। सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि चुनाव के बाद वहां इस्लामिक कट्टरपंथियों के वर्चस्व वाली ऐसी सरकार अस्तित्व में आ सकती है, जो भारत के खिलाफ खुलकर काम करते हुए अल्पसंख्यकों के संहार को अंजाम देगी। भारत के लिए इसीलिये भी यह समय केवल चिंता व्यक्त करने का नहीं, बल्कि सतर्क और सक्रिय कूटनीति अपनाने का है। सीमा सुरक्षा को मजबूत करते हुए वैश्विक मंचों पर बांग्लादेश की ताजा घटनाओं को स्पष्टता और तथ्यों के साथ उठाना आवश्यक है। पड़ोस में लगी यह आग यदि समय रहते नहीं बुझाई गई, तो इसकी तपिश केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया को झुलसा सकती है। स्थिरता, लोकतंत्र और सह-अस्तित्व की रक्षा के लिए यह अनिवार्य है कि बांग्लादेश की मौजूदा अराजकता को एक चेतावनी की तरह लिया जाए, न कि एक क्षणिक राजनीतिक उथल-पुथल के रूप में।

# विकास की हिन्दू दर : कुछ प्रश्न, कुछ चिंताएं

जगदीश रत्तनानी

**यहां** वे एक अर्थशास्त्री थे जो केवल संख्याओं तक सीमित नहीं थे और उन्हें कैसे प्राप्त किया जाएगा जिन्होंने इस बात पर गहराई से विचार किया था कि विकास का यह समाजशास्त्र भारत जैसे राष्ट्र के लिए क्या लाता है। इस शब्द की जड़ों पर और अधिक टिप्पणी किए बगैर यह स्पष्ट होना चाहिए कि उच्च विकास के अपने दावों के साथ भारत की सामाजिक-राजनीतिक गतिशीलता अपने साथ पहले से ही कुछ बड़ी समस्याएं ला रही हैं जो हिंदू गौरव के विचार को परे रखकर गंभीर चर्चा के योग्य हैं देश के औसत नागरिक की आर्थिक स्थिति के बारे में विचार करने वाले मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों की पारंपरिक सोच है कि सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि वांछनीय और अच्छी है- जितना अधिक उतना अच्छा। भारत अब उच्च विकास का दावा करता है। अभी हाल ही में की गई घोषणा में आश्चर्यजनक रूप से 8.2 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि दी गई है लेकिन राष्ट्र हमेशा उस लीग में नहीं था और वास्तव में जब डॉ. मनमोहन सिंह ने आर्थिक सुधारों के युग की शुरूआत की थी यानी 1990 के दशक तक कभी भी नहीं थी। इससे पहले बड़े पैमाने पर एक नए स्वतंत्र राष्ट्र की आर्थिक गाड़ी 1947 से 1980 तक औसतन लगभग 3.5 प्रश और प्रति व्यक्ति



1.3 फीसदी की वृद्धि पर अटकी हुई थी। इसे 'विकास की हिंदू दर' कहा जाने लगा, एक ऐसा शब्द जो अपने मूल में हिंदू जीवन शैली के साथ जुड़ा था लेकिन बाद में धीमी वृद्धि के लिए एक मुहावरे के रूप में इस्तेमाल किया गया है।

अब इस शब्द प्रयोग पर हमला हो रहा है जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले सप्ताह कहा था कि इस शब्द प्रयोग का निरंतर उपयोग 'गुलामी की मानसिकता का संकेत है।' उनके शब्दों में-'यह साबित करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हमारी हिंदू सभ्यता और हिंदू संस्कृति थी।'

भारतीय अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने के साथ मोदी ने अब पूछा है- 'क्या आपने कहीं उस तीव्र विकास के बारे में पढ़ा है जो आज भारत अनुभव कर रहा है? क्या आपने इसके बारे में कहीं सुना है? क्या कोई इसे हिंदू विकास दर कहता है?' प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी इस महीने की शुरूआत में एक भाषण में आई थी जिसमें एक तरफ इस बात पर प्रकाश डाला गया था कि सरकार जीडीपी वृद्धि के मोर्चे पर उच्च उपलब्धि के रूप में क्या देखती है और दूसरी तरफ स्वतंत्रता के बाद के समाजवादी दृष्टिकोण और नीतियों की अघोषित निंदा करती है जिसके बारे में दावा किया जाता है कि भारत विकास की दृष्टि से विफल हो गया।

2007 के एक पेपर में कॉर्नेल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री कौशिक बसु और एनीमी मार्टेंस ने 'हिंदू विकास दर' को 'टंग-इन-चीक' के रूप में संदर्भित किया।

दिवंगत अर्थशास्त्री राज कृष्ण ने इस शब्द का पहली बार प्रयोग 'भारत के योजनाकारों की निराशा को पकड़ने के लिए' किया था जो भारत की विकास गाथा को बांधने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने इस शब्द को संदर्भित करने के लिए एक फुटनोट में लिखा था-'कोई फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने क्या किया, विकास, हमेशा 3.5 फीसदी प्रति वर्ष पर वापस आ गया, मानों यह जादुई आंकड़ा देश के धर्मग्रंथों में लिखा गया था'। लेकिन उसकी जड़ें 1973 में और नौकरशाह बीपीआर वि़ल तक जाती हैं जो अन्य पदों पर कार्य करने के साथ-साथ 10 वें वित्त आयोग के सदस्य भी थे।

वि़ल की थीसिस जटिल थी, कुछ हद तक समस्याग्रस्त थी और इसकी आलोचना की गई थी पर यह उस तरह की आलोचना नहीं है जैसा कि भाजपा के मन में है जब वह 'हिंदू दर' के उपयोग को अपमानजनक मानती है। वि़ल की थीसिस हिंदू जीवन शैली को संरक्षित करने के इरादे पर केंद्रित थी जिसके बारे में उन्होंने तर्क दिया था कि अगर विकास में तेजी आती है तो यह (हिंदू जीवन शैली) टूट जाएगी। जिन्हें अब किसी धर्म या समुदाय की निंदा के रूप में लेबल किया जा रहा है, उस अर्थ में इस शब्द की जड़ें बिल्कुल भी नहीं हैं। यह देखते हुए कि वे लगभग एक धर्म में निहित भारतीय दृष्टिकोण पर टिके हुए हैं और पश्चिमी प्रगति के पहलुओं को अस्वीकार करते हैं, वास्तव में वे कम से कम आंशिक रूप से उन तर्कों पर आधारित हैं जिनमें दक्षिणपंथी कुछ योग्यता देख सकते हैं।

वि़ल ने भारत की ऐतिहासिक कम विकास दर की निंदा नहीं की थी और इसके विपरीत अर्थशास्त्रियों और नीति-निमार्ताओं को केवल एक नियोजित लक्ष्य संख्या के रूप में उच्च विकास के जोखिमों के प्रति सचेत किया था। उनका आशय यह था कि विकास की उच्च दर कोई रामबाण उपाय नहीं है और इस पर किया गया कोई भी विश्वास समाज में टूटने का कारण बनेगा क्योंकि नागरिक पश्चिमी शैली के उपभोग के गुलाम बन गए हैं। इस बात पर आगे बढ़ते हुए वि़ल ने 1993 में लिखा था- 'इसलिए यदि नई आर्थिक नीति के बारे में हमारी उम्मीदें पूरी हो जाती हैं और हम विकास की लगातार तेज दर के प्रक्षेपवक्र (ट्रेजेक्टरी) पर आगे बढ़ते हैं तो हमें इसके लिए एक उपयुक्त वैचारिक और सांस्कृतिक ढांचा तैयार करने के लिए कुछ विचार करने की सलाह दी जाएगी। अगर यह केवल वर्तमान सांचों को तोड़ने में सफल हो जाता है तो जड़हीनता होगी जो हमारे जैसे बड़े देश में खतरनाक हो सकती है।'

यहां वे एक अर्थशास्त्री थे जो केवल संख्याओं तक सीमित नहीं थे ।

# बढ़ता उत्पादन, घटता खर्च, पर्यावरण की रक्षा : इन किसानों से हम क्या-क्या सीखें

भारत डोगरा

**आज** हमारे किसानों के सामने तेजी से बढ़ते खर्च और कर्ज की परेशानी है। रासायनिक खाद से उत्पादकता अपेक्षा के अनुकूल बढ़ नहीं रही है जिसका एक बड़ा कारण यह है कि इसके अत्यधिक उपयोग से पहले ही मिट्टी व पर्यावरण की बहुत क्षति हो चुकी है। कई स्तरों पर खेती व गांव का बिगड़ता पर्यावरण किसानों की इन समस्याओं को और बढ़ा रहा है।



आखिर कोई तो बात होगी कि इस दलित किसान की खेती को आसपास के कई किसान देखने-समझने आते हैं व सरकारी स्तर पर उन्हें पुरस्कार भी दिया गया है व प्रशिक्षण देने के लिए भी बुलाया जाता है। जब यह लेखक टीकमगढ़ जिले (मध्य प्रदेश) के लिधोराताल गांव में बालचंद अहीरवार से बातचीत करने पहुंचा तो यह समझने में देरी नहीं लगी कि इस मेहनती, निष्ठावान किसान की खेती किसानों व अधिकारियों को क्यों आकर्षित कर रही है।

आज हमारे किसानों के सामने तेजी से बढ़ते खर्च और कर्ज की परेशानी है। रासायनिक खाद से उत्पादकता अपेक्षा के अनुकूल बढ़ नहीं रही है जिसका एक बड़ा कारण यह है कि इसके अत्यधिक उपयोग से पहले ही मिट्टी व पर्यावरण की बहुत क्षति हो चुकी है। कई स्तरों पर खेती व गांव का बिगड़ता पर्यावरण किसानों की इन समस्याओं को और बढ़ा रहा है।

बालचंद, उनकी पत्नी गुड्डी और परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग से जो खेती अपने मात्र 2 एकड़ के खेत पर कर रहे हैं, उसकी बड़ी उपलब्धि यह है कि किसान संकट उत्पन्न करने वाली इन सभी समस्याओं का समाधान उनकी खेती में एक साथ नजर आ रहा है। अपने छोटे खेत व उससे जुड़े कार्यों के बल पर ही बालचंद और गुड्डी परिवार को बहुत स्वस्थ खाद्य खिला रहे हैं व अपने दोनों बेटों को शहर के कालेज में पढ़ा रहे हैं।

इनकी मेहनत और रचनात्मकता की प्रशंसा करनी होगी कि मात्र 2 एकड़ के खेत में एक वर्ष में 44 तरह के खाद्य उगाते हैं जिनमें अनाज, दलहन, तिलहन, मसाले, फल, फूल सब्जी सभी कुछ है। बहुत से फलदार व अन्य पेड़ भी हैं। मुख्य फसल गेंहू व मूंगफली है। इसके साथ कुछ स्थान पर वे बहुस्तरीय बगीचा लगते हैं जिसमें जमीन के नीचे, छोटे व बड़े पौधों पर, बांस तथा रस्सी पर बढ़ रही बेलों पर बहुत सी सब्जियां लगाते हैं। वर्ष भर पौष्टिक खाद्य मिलते रहते हैं व बिक्री के लिए भी कुछ न कुछ निकलता रहता है।

यह सभी कार्य प्राकृतिक खेती पद्धति से किए जाते हैं। इसके अन्तर्गत रासायनिक खाद, कीटनाशक दवा व खरपतवारनाशक दवा आदि का उपयोग बिल्कुल नहीं किया जाता है। इसके स्थान पर अपने ही खेत में गोमूत्र, गोबर व स्थानीय पेड़ों की कड़वी पत्तियों आदि से हानिकारक कीड़ों को दूर रखने वाली दवा तैयार की जाती है। इस तरह बालचंद ने एक एकड़ में खेती का खर्च 6000 रुपए से कम कर 500 रुपए कर लिया है। वह बताते हैं कि हम छोटे किसान हैं, हमें ट्रैक्टर की जरूरत नहीं, हमारा काम तो पावर ट्रिलर से हो जाता है जो मिट्टी के लिए भी अच्छा है। इन तौर-तरीकों से मिट्टी सुधर रही है व उपजाऊपन बढ़ रहा है। बालचंद ने मिट्टी खोदकर दिखाया कि अब इसमें कितने केंचुए आ गए हैं जो निरंतर अपनी प्राकृतिक प्रक्रियाओं से मिट्टी का उपजाऊ और भुरभुरा बनाए रखते हैं। बालचंद और गुड्डी ने एक कदम आगे चलकर सोचा कि हम अन्य किसानों के लिए भी यह राह क्यों न आसान करें? अतः सृजन संस्था से सहायता प्राप्त कर उन्होंने एक ऐसा प्राकृतिक कृषि केन्द्र अपने खेत पर ही स्थापित किया जिससे वे अपनी जरूरत के अतिरिक्त भी प्राकृतिक खाद व हानिकारक कीड़े दूर रखने की दवा तैयार कर सकते हैं ताकि अन्य पड़ोस के किसान (जो किसी कारण से यह स्वयं तैयार नहीं कर सकते हैं) वे अपेक्षाकृत कम कीमत पर यह उनसे खरीद सकें। इसके अतिरिक्त बालचंद को प्राकृतिक कृषि के प्रशिक्षक के रूप में भी आमंत्रित किया जाता है व इस अवसर का भरपूर उपयोग कर वे प्राकृतिक खेती का संदेश फैलाते हैं। वे दो संदेश विशेष तौर पर पहुंचाना चाहते हैं। पहली बात तो यह है कि जिस तरह की प्राकृतिक व दर्जनों उपज वाली मिश्रित खेती वे कर रहे हैं, वह बहुत मेहनत और निष्ठा से ही हो सकती है। यदि मेहनत और खेती के प्रतिनिष्ठा नहीं है, वहां सफलता मिलनी कठिन है। साथ में वे समझते हैं कि ऐसी रचनात्मक मेहनत थकाती नहीं है अपितु प्रसन्न रखती है क्योंकि आप निरंतर कुछ बेहतर करने की सोच रहे हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात बालचंद व गुड्डी ने यह समझाई कि किसान के लिए नशे से दूर रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि सारा हिसाब-किताब बिगड़ जाएगा यदि रोज-रोज मेहनत का पैसा शराब, तंबाकू व अन्य तरह के नशे में जाने लगे। अतः बालचंद अपने को हर तरह के नशे से दूर रखते हैं। इस तरह के अनेक अन्य छोटे किसान भी प्राकृतिक खेती की राह चलते हुए बड़ी उम्मीद जगा रहे हैं। इसी तरह के एक-एक किसान हैं भील आदिवासी किसान मालीराम व उनकी पत्नी दुलकी बाई। जब यह लेखक प्रतापगढ़ जिले (राजस्थान) के उनके गांव कटारों का खेड़ा में गया तो मालीराम जी को अपने पौधों और पेड़ों के बीच में बहुत मस्त पाया। उन्होंने बताया कि वे अपने तीन बीघे के खेत में प्राकृतिक खेती पद्धति से 15 तरह की सब्जियों सहित लगभग 25 तरह की फसल उगाते हैं व इसके अतिरिक्त उनके खेत में अमरूद, पपीते, आंवले, नींबू, कटहल, चंदन आदि के लगभग 200 पेड़ हैं।

# अवैध हथियार के साथ युवक धराया, पुलिस ने भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी क्रम में 21 दिसंबर 2025 की रात्रि लगभग 12:30 बजे महादेवा गेट, मोहम्मदाबाद के



पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान अभियुक्त की पहचान अलाउद्दीन अहमद उर्फ सोनू पुत्र अली हुसैन अहमद, निवासी कोटिया वार्ड नंबर तीन, कस्बा व थाना मोहम्मदाबाद, उम्र लगभग 32 वर्ष के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देसी तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद किया गया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता चतुर्भुज नारायण सिन्हा की पुण्यतिथि पर नम हुई आंखें, स्मृतियों में जीवित रहे आदर्श

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। न्याय,** सत्य और सेवा के पथ पर जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय चतुर्भुज नारायण सिन्हा की पुण्यतिथि पर जनपद के मुहम्मदाबाद नगर पालिका क्षेत्र स्थित उनके आवास पर एक भावविभोर कर देने वाली श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह अवसर केवल स्मरण का नहीं, बल्कि उस व्यक्तित्व को नमन करने का था, जिसने अपने आचरण और कार्य से वकालत को गरिमा प्रदान की।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता गोविंद सिन्हा ने की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने



स्वर्गीय सिन्हा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वातावरण पूरी तरह भावनात्मक था, जहां हर चेहरे पर सम्मान, कृतज्ञता और स्मृतियों की छाया स्पष्ट दिखाई दे रही थी।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि चतुर्भुज नारायण सिन्हा केवल एक सफल अधिवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत एक ऐसे मार्गदर्शक थे, जिन्होंने अनेक युवा अधिवक्ताओं को न केवल विधिक ज्ञान दिया, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी दिखाई। उनका सरल स्वभाव, न्याय के प्रति अटूट निष्ठा और सत्य के प्रति समर्पण आज भी अधिवक्ता समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सभा के दौरान अधिवक्ताओं ने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्वर्गीय सिन्हा का मार्गदर्शन उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में दीपस्तंभ की तरह रहा। वे सदैव न्याय की राह पर अडिग रहे और दूसरों को भी उसी पथ पर चलने की प्रेरणा देते रहे।

# मनरेगा से बापू का नाम हटाने से उजाकर हुई भाजपा की मानसिकता : विजयमणि




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के विरोध में जिला कौंग्रेस समिति के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने रविवार को पार्टी जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में जुलूस निकाला तथा विरोध प्रदर्शन किया।

कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि यह कानून कौंग्रेस पार्टी ने गरीब मजदूर के लिए लागू किया था ताकि सभी को रोजगार मिल सके। जिस प्रकार भाजपा द्वारा इस अधिनियम से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया है, उसके विरोध में कौंग्रेस के कार्यकर्ता सदन से सड़क तक संघर्ष करेंगे। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि देश में भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये के विरुद्ध कौंग्रेस पार्टी लगातार हमेशा संघर्ष करती रहेगी। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा जिस इस कानून से महात्मा गांधी के नाम को हटाने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि महात्मा गांधी ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वरिष्ठ कौंग्रेसी गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि यह भाजपा सरकार आम लोगों के अधिकार छीन रही है, इस लड़ाई को कौंग्रेस जन गांव-गांव तक ले जाने का काम करेंगे। राम कृपाल वर्मा ने कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार गरीबों, मजदूरों एवं बेरोजगारों का हक छीनना चाहती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, जिला महासचिव कामता प्रसाद द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, रावेद्र सिंह, जग जाहिर पटेल, मनधीर सिंह, भोला नामदेव, ओम प्रकाश गुप्ता, रामनरेश सिंह, गरीबदास वर्मा, अगनू वर्मा, देवनारायण साहू, बाबूलाल वर्मा, काशी प्रसाद, हरिश्चंद्र वर्मा सिपाही लाल वर्मा, बोडी लाल वर्मा, कल्याण सिंह पटेल, राम नरेश सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## लालता रोड तालाब से संरक्षित कछुओं का रेस्क्यू, वन्यजीव अधिनियम के तहत कार्रवाई

**बरगढ/चित्रकूट।** जिले के बरगढ़ रेंज ने वन्यजीव संरक्षण में अहम सफलता हासिल की है। ग्रामीणों की सूचना पर लालता रोड स्थित पुरा तालाब से प्रतिबंधित प्रजाति के 12 जीवित कछुए बरामद किए गए। तालाब का गहरीकरण कार्य लघु सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा था, जिसके दौरान वन विभाग की विशेष टीम ने मौके पर पहुंचकर कछुओं को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया। उपनिदेशक एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी आरके नेगी ने टीम का निर्देशन करते हुए ग्रामीणों को वन्यजीव अधिनियम 1972 के तहत प्रतिबंधित जीवों को अपने कब्जे में रखना दंडनीय अपराध होने की जानकारी दी। साथ ही लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तालाब से जुड़े कार्यों में सभी जलीय वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और कार्य से पूर्व वन विभाग को सूचित किया जाए। बरामद कछुओं को जल्द ही उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित तरीके से छोड़ने की योजना है। आरोपियों के विरुद्ध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने मानिकपुर अस्पताल का किया निरीक्षण




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर का औचक निरीक्षण किया। यहां सीएमओ ने जननी सुरक्षा वार्ड सहित अन्य वार्डां का निरीक्षण कर चिकित्सीय व सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षक सभी पैरामेडिकल स्टाफ सहित चिकित्सालय में उपस्थित पाये गये। पाया कि चिकित्सको द्वारा कुल 152 मरीजों को ओपीडी के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। जननी सुरक्षा वार्ड के निरीक्षण के दौरान 15 महिलाएं भर्ती पाई गई। केन्द्र में साफ-सफाई एवं पीने के पानी आदि की व्यवस्था नहीं पाए जाने पर चिकित्सालय अधीक्षक को सचेत करे हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि सर्दी के दृष्टिगत मरीजों के वार्डों में हीटर, कम्बल आदि की व्यवस्था कराएं। साथ ही उनके परिजनों को भी चिकित्सायल परिसर में रूकने के लिए व्यवस्था कराने के निर्देश दिए ताकि सर्दी के कारण किसी भी मरीज एवं उसके साथ आयें हुए तीमारदारों को परेशानी न हो। उन्होंने वार्ड में लगी खिडकियों के टूटे कांच की मरम्मत, बेड में साफ गद्दे एव चादर लगाने तथा चिकित्सालय में बेकार पड़ी हुई निश्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी के लिए निर्देशित किया। निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आये हुए मरीजो को बिना किसी भी वजह रिफर नहीं किया जाये तथा सही चिकित्सीय परामर्श प्रदान करते हुए समुचित उपचार प्रदान करे। टीका उत्सव की जानकारी लेते हुए कहा कि टीकाकरण की समस्त गतिविधियां यू-विन पोर्टल के माध्यम से संचालित कराएं। साथ ही पूर्व में पंजीकृत सभी बच्चों का टीकाकरण करने तथा अंपजीकृत बच्चों को पंजीकृत करते हुए टीकाकरण करने को कहा। कहा कि सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शत-प्रतिशत कराए।

इस दौरान सीएमओ ने आगामी 27 दिसम्बर से 26 जनवरी 2026 तक संचालित होने वाले विटामिन-ए सम्पूर्ण अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि अभियान के अन्तर्गत बच्चों को विटामिन-ए की खुराक लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पिलाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित समस्त कार्यक्रमों से जनमानस को अवगत कराए ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्रों को स्वास्थ्य सुविधाओं को लाभ मिल सके।

## पादमूल शक्ति विकासक क्रिया से मजबूत होते हैं पैर, पंजे और एड़ियां : योगाचार्य

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज कर्वी निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पैरों, पंजों और एड़ियों के दर्द से मुक्ति पाने के लिए पाद मूलशक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराया। बताया कि इसके अभ्यास से पैरों के दर्द मिटने के साथ ही पंजे और एड़ियां मजबूत, लचक, सुंदर, सुडौल और पुष्ट बनती है।

बताया कि इस योग क्रिया से नियमित अभ्यास से चलना, दौड़ना, कूदना व बैठना आसान होता है। साथ ही थकान व पैरों की मोच से भी बच सकेंगे। यह योग क्रिया खिलाड़ियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। बताया कि यदि अधिक वजन के कारण पैरों में होने वाले दर्द से राहत के लिए वजन घटाने वाले योगासन, प्राणायाम एवं संतुलित आहार-विहार अपनाना लाभकारी सिद्ध होगा। बताया कि इस योग को दो भागों में करते हैं। पहले भाग में इसे करने के लिए साम्यावस्था में सीधे खड़े होते हैं तथा श्वास लेते हुए एड़ियां को उठाकर पंजों पर खड़े होते हैं। इसके बाद श्वास छोड़ते हुए एड़ियां जमीन पर रखते है। इस क्रिया को लगातार 10 से 15 बार धीरे-धीरे करें। इसके दूसरे भाग में साम्यावस्था में ही सामान्य श्वास के साथ 10 से 15 बार ऊपर नीचे कूदते हैं। इसके बाद शिथिल ताड़ासन में पंजों में हुए सकारात्मक परिवर्तनों का अनुभव करते हुए आंख बंद करके विश्राम करते हैं। सावधानी के तौर पर पंजों में चोट या मोच की दशा में इसे नहीं करना चाहिए।

## सपा विधायक का कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन



**चित्रकूट।** चित्रकूट में समाजवादी पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी अब खुलकर सामने आ गई है। पार्टी कार्यालयों तक सीमित रहने वाली खींचतान अब सड़कों पर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी के रूप में नजर आ रही है। रविवार को लगातार दूसरे दिन चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के सदर विधायक अनिल प्रधान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। पहाड़ी चौराहे पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के साथ प्रजापति समाज के लोगों ने एकजुट होकर विधायक का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। पटेल तिराहा से धनुष चौराहा तक पैदल मार्च निकाला इससे एक दिन पहले, शनिवार को भी प्रदर्शनकारियों ने पटेल तिराहा से धनुष चौराहा तक पैदल मार्च निकाला था। मार्च के समापन पर धनुष चौराहे पर विधायक का पुतला फूंका गया था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पार्टी संगठन में उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है और एक खास गुट को तरजीह दी जा रही है। इसी नाराजगी के चलते लगातार दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस घटनाक्रम पर जिले के राजनीतिक गलियारों में चचाएं तेज हो गई हैं। विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि पार्टी के भीतर यह गुटबाजी इसी तरह जारी रही तो आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# नौकरी के नाम पर युवक को ठगने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को शिवरामपुर चैकी पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। शिवरामपुर चैकी प्रभारी सनी चतुवेर्दी ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के चकला गुरुबाबा निवासी प्रभाकर प्रसाद पुत्र विनय कुमार ने बीती छह नवंबर को सूचना दी कि शिवरामपुर निवासी राजकुमार उर्फ दीपक पटेल ने उसे वन्दे भारत एक्सप्रेस में सुपरवाइजर के पद पर लखनऊ में नौकरी लगवाने की बात कही। बताया कि नौकरी के नाम पर 58,750 रुपये सिक्योरिटी के रूप में जमा करना पड़ेगा, जिसके बदल में लैपटॉप, जूते, ड्रेस व सिम कार्ड मिलेगा। जिसके विश्वास में आकर वह बीती 26 अक्टूबर 2025 की रात राजकुमार उर्फ दीपक पटेल के साथ चित्रकूट एक्सप्रेस से लखनऊ चला गया। यहां वह उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर बीती 27 अक्टूबर 2025 को डीआरएम लखनऊ लिवा गया। डीआरएम विभाग के अध्यक्ष न होने की बात बोलकर वापस लिवा आया और मेडिकल कराने की बात कहकर उसे रेलवे मण्डल चिकित्सालय लखनऊ लिवा गया। यहां भी मैडम के न आने की बात कहते हुए राजकुमार ने उससे 28,000 रुपये फोन-पे के माध्यम से ले लिए। इसके बाद उसे दयाल होटल लखनऊ ले गया। यहां राजकुमार उर्फ दीपक पटेल ने उसे कोल्ड्रिंक पिलाया, जिसे पीकर वह बेहोश हो गया। होश आने पर देखा कि उसके बैग में रखे 50,000 रुपये, मोबाइल फोन व घड़ी को राजकुमार निकालकर ले गया। जिसकी सूचना उसने होटल के मैनेजर के मोबाइल से अपने भाई आलोक को दी। इसके बाद वह वापस कर्वी आने पर इस सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में मामला पंजीकृत कराया। थाने में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया, जिसके क्रम में रविवार को शिवरामपुर तिराहा से आरोपी राजकुमार उर्फ दीपक पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सनी चतुवेर्दी सहित आरक्षी विपिन कुमार व दीप प्रताप सिंह शामिल रहे।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक सुभाषराम व आरक्षी कुमार निर्मल द्वारा आरोपी निवासी ग्राम अरवारा थाना रैपुरा को 18 क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मांडा ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला

**मांडा।** डीपीआरओ प्रयागराज रविशंकर द्विवेदी ने ग्राम विकास अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत मांडा क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों में सचिवों का स्थानांतरण किया गया है।

साड़ी गांव में तैनात ग्राम सचिव नवनीत कुमार को हटाकर उनकी जगह अंकित कुमार मिश्र को नियुक्त किया गया है। बेरी गांव के ग्राम सचिव बृजेंद्र कुमार शुक्ल के स्थान पर शिवाजीत सिंह पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, नहवाई गांव में कार्यरत ग्राम सचिव कमल कुमार का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। उनकी जगह अनुराधा यादव को नया ग्राम सचिव बनाया गया है।

## अधिवक्ता संघ मऊ के पूर्व अध्यक्ष बालेन्दु द्विवेदी का लंबी बीमारी के बाद निधन

**बरगढ़/चित्रकूट।** अधिवक्ता संघ मऊ के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता बालेन्दु शेखर द्विवेदी का लंबी बीमारी के बाद प्रयागराज के अस्पताल में शुक्रवार रात निधन हो गया। 65 वर्षीय द्विवेदी दो साल से डायलिसिस पर थे। शनिवार दोपहर उनके पैतृक गांव में पारिवारिक और समाजिक लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

## हेल्मेट के बिना पेट्रोल पंप में नहीं मिलेगा तेल




**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा हेल्मिट न पहनने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं व उनसे होने वाली मृत्यु पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य में जनपद में नो हेल्मिट नो फ्यूल अभियान को संचालित करने के निर्देश दिए है।

डीएम ने बताया कि यह प्रदेश स्तरीय विशेष अभियान जनपद में 19 दिसम्बर से 17 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान ह्लनो हेल्मिट, नो फ्यूलह्व की रणनीति को जनपद में प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली के अंतर्गत सभी दोपहिया वाहन चालकों एवं उनके सहयात्रियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर (हेल्मिट) पहनना अनिवार्य है। जिनका उल्लंघन किए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है, जिसके तहत जुमार्ना अधिरोपित किया जा सकता है। उन्होंने जनपद के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया है कि वह सभी 19 दिसम्बर से अपने फ्यूल स्टेशन में ह्लनो हेल्मिट, नो पेट्रोल-आपका जीवन है अनमोलह्व विषयक बैनर लगाए। साथ ही कहा कि ऐसे दो पहिया चालकों को पेट्रोल न दें, जिसके चालक अथवा सहयात्री ने हेल्मिट न पहना हो। साथ ही सभी को फ्यूल स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे को सदैव क्रियाशील रखने को कहा है ताकि अप्रिय स्थिति में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से तथ्यात्मक निर्णय लिया जा सके।

# 65वें प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता के लिए पांच दर्जन विद्यार्थी कार्यकर्ता हुए रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उरई के राजकीय मेडिकल कॉलिज में 22 से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के 65वें प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता के लिए जनपद से 60 अभाविप कार्यकर्ताओं को राष्ट्र के प्रति प्रेरित करते हुए मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर रवाना किया गया।

प्रांतीय अधिवेशन के लिए रवाना किए गए अभाविय कार्यकताओं को कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्र निर्माण, छात्रहित, शिक्षा एवं संगठनात्मक दायित्वों के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ छात्र जीवन को समाज और राष्ट्र सेवा से जोड़ने का कार्य करती है। बताया कि प्रांतीय अधिवेशन जैसे आयोजन कार्यकताओं को वैचारिक स्पष्टता एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करते हैं। पूर्व जिला प्रमुख डॉ. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में संगठन से जुड़कर कार्य करना अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भाव को विकसित करता है। अभाविप के कार्यकर्ता निरंतर राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। पूर्व विभाग संयोजक अभाविप श्रीकांत पांडेय ने कहा कि प्रांतीय अधिवेशन कार्यकताओं के लिए अनुभव साझा करने, संगठनात्मक समझ बढ़ाने एवं आगामी कार्ययोजनाओं को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे आयोजनों से संगठन और अधिक मजबूत होता है। कार्यकताओं ने उत्साह व अनुशासन के साथ प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



इस मौके पर पूर्व प्रचारक संतोष मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री भाजयुमो मोहित मिश्रा, विवेक केसरवानी, अमित मिश्रा (विहिप), नगर अध्यक्ष डॉ. संध्या पांडेय, जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुवेर्दी, प्रांत कार्यसमिति सदस्य कमल राष्ट्रवादी, प्रांत एस.एफ.एस. सह संयोजक रोहित पांडेय, जिला अधिवेशन प्रमुख प्रशांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भारत के कुछ हिस्सों और... फाइनल डील से पहले एव के इस देश से ये क्या बोले जयशंकर

**नीदरलैंड**

**वैश्विक** स्तर पर लगातार बदल रहे हालात को देखते हुए भारत भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। जहां भारत की नीतियों को वो सबसे पहले रख सके। इसलिए दुनिया के तमाम देशों से व्यापारिक, रक्षा और सांस्कृतिक रिश्तों को भारत लगातार बेहतर करने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में नीदरलैंड के विदेश मंत्री भारत दौरे पर आए। जहां विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनसे मुलाकात की है। इस मीटिंग में दोनों ही विदेश मंत्रियों ने अपने विचार आपस में साझा किए हैं। एस जयशंकर ने कहा कि मंत्री जी, सबसे पहले, दिल्ली में आपका स्वागत है। आप कुछ दिनों से भारत में हैं और मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि इस यात्रा के दौरान आपको न केवल मेरे कुछ सहयोगियों से मिलने का अवसर मिला, बल्कि भारत के कुछ हिस्सों और साझा हितों वाले क्षेत्रों को देखने का भी अवसर मिला।



एस जयशंकर ने कहा कि मैं शायद जोहान्सबर्ग में हमारे प्रधानमंत्री और आपके प्रधानमंत्री के बीच हुई बैठक से शुरूआत करना चाहूंगा। मुझे लगता है कि उन्होंने इस संबंध को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। हम निश्चित रूप से नीदरलैंड के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बहुत महत्व देते हैं, साथ ही यूरोपीय संघ के एक प्रमुख भागीदार के रूप में भी। आज जब हम मिल रहे हैं, तो हम यह स्वीकार करते हैं कि पिछले कुछ महीनों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं, जिन्होंने हमारे सहयोग को और अधिक आयाम दिए हैं। हम मुक्त व्यापार पर यूरोपीय संघ के साथ अपनी वार्ता के निर्णायक चरण की ओर बढ़ रहे हैं, और इसके लिए हम आपके समर्थन पर भी भरोसा करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि बेशक, हम नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय रूप से और यूरोपीय संघ के एक प्रमुख भागीदार के रूप में अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। आज, जैसा कि हम मिल रहे हैं, हम स्वीकार करते हैं कि पिछले कुछ महीनों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं, जिन्होंने हमारे सहयोग को और अधिक आयाम दिए हैं। हम मुक्त व्यापार समझौते पर यूरोपीय संघ के साथ अपनी बातचीत के निर्णायक चरण की ओर बढ़ रहे हैं, और इसके लिए हम आपके समर्थन पर भी भरोसा करते हैं। हमारा नीदरलैंड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नीदरलैंड के विदेश मंत्री ने ह्यदिल्ली में हाल में हुई आतंकी घटना के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसमें कहा गया है, दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की और आतंकवाद से व्यापक और सतत तरीके से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# वहशी भीड़ का तांडव, हिंदू युवक की सरेआम लिंचिंग, अब 7 हुए गिरफ्तार

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** के मयमनसिंह जिले में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को यह जानकारी दी। युनुस प्रशासन ने पीड़ित की पहचान 27 वर्षीय सनातन हिंदू दीपू चंद्र दास के रूप में की है। युनुस ने एक पोस्ट में कहा, "रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने मयमनसिंह के बलुका में सनातन हिंदू युवक दीपू चंद्र दास (27) की पीट-पीटकर हत्या के मामले में सात लोगों को संदिग्ध के रूप में गिरफ्तार किया है। बयान के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद लिमोन सरकार (19), मोहम्मद तारेक हुसैन (19), मोहम्मद मानिक मिया (20), इरशाद अली (39), निजुम उद्दीन (20), आलमगीर हुसैन (38) और मोहम्मद मिराज हुसैन अकॉन



(46) शामिल हैं।

यूनुस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां इलाके में आरएबी इकाइयों की समन्वित कार्रवाई के बाद हुईं। उन्होंने कहा कि आरएबी-14 ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर उपरोक्त संदिग्धों को गिरफ्तार किया। यह भीड़ द्वारा की गई हत्या पिछले साल के छात्र नेतृत्व वाले जुलाई विद्रोह के प्रमुख नेता और इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद फैले व्यापक अशांति के बीच हुई। हादी का निधन गुरुवार को सिंगापुर के एक अस्पताल में हुआ, जहां 12 दिसंबर को ढाका में नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा सिर में गोली मारे जाने के बाद उनका इलाज चल रहा था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मयमनसिंह में एक हिंदू व्यक्ति की कथित पीट-पीटकर हत्या की कड़ी निंदा की और संयम बरतने की अपील दोहराई।

यूनुस प्रशासन द्वारा जारी एक बयान में सरकार ने कहा मयमनसिंह में हुई उस घटना की हम घोर निंदा करते हैं ।

# सऊदी ने भगाए पाकिस्तान के 56000 भिखारी, अजरबैजान ने भी कसी नकेल

**सऊदी**

**पाकिस्तान** आतंकवाद का निर्यात करने के लिए जाना जाता है और भारत इसका शिकार रहा है। पाकिस्तान चीन को गधों का निर्यात भी करता था। पाकिस्तान के निर्यात की असामान्य सूची में शामिल हो रहे हैं भिखारी समस्या इतनी विकराल हो गई है कि सऊदी अरब और अजरबैजान जैसे देशों ने अब पाकिस्तानी सरकार से भिखारियों के प्रवाह को रोकने का अनुरोध किया है। खाड़ी देश पाकिस्तान से आने वाले भिखारियों से इतना परेशान हो गए हैं कि उन्होंने पाकिस्तान पर सख्ती दिखा दी है। यह देश इन भिखारियों को रोकने के लिए तमाम कोशिशें कर रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद वो खुद को पाकिस्तानी भिखारियों से घेरे पा रहे हैं। मजबूरी में इन भिखारियों को देश से निकालकर पाकिस्तान भेजना पड़ रहा है। ताबड़तोड़ इन भिखारियों पर एक्शन लिया जा रहा है। यानी डिपोर्ट इन्हें पाकिस्तान वापस किया जा रहा है।

भगाए गए पाकिस्तानी भिखारी। सऊदी अरब ने 56,000 से अधिक पाकिस्तानी भिखारियों को खदेड़ा है। दुबई ने 6000 पाकिस्तानी भिखारी भगाए हैं। अजर-बैजान से 2500 पाकिस्तानी भिखारी भगाए गए हैं। तो पाकिस्तान ने खुद कबूल किया है कि उसके देश के भिखारी इंटरनेशनल भिखारी बन गए हैं। जब पूरी दुनिया में पाकिस्तान की बेइज्जती हो रही है तो पाकिस्तानी अधिकारियों ने भीख मांगने



वाले गिरोह पर सख्ती दिखाई है। विदेश जाने से रोकने के लिए ही 2025 में 66,000 से अधिक यात्रियों को प्लेन से उतार दिया गया है और कहा जा रहा है कि नो फ्लाई जोन में भी डाल दिया है। यानी कि ये लोग अब हवाई यात्रा वीजा लेकर नहीं कर पाएंगे।

हालात तो ये हो गए हैं कि जितने लोग पाकिस्तान से विदेश जाते हैं उनमें से ज्यादातर लोग वापस लौट कर ही नहीं आते हैं। यानी कि वहां जाकर गायब हो जाते हैं। मानो एक बार मौका मिला पाकिस्तान से निकलने का और निकलते ही बन गए भिखारी।

दूसरे देश को पहुंचा दी बड़ी चोट। विदेशों में भिखारी बन रहे पाकिस्तानी। 24,000 पाकिस्तानी कंबोडिया गए। 12,000 लोग वापस ही नहीं लौटे। 4,000 पाकिस्तानी म्यांमार गए। 2500 लोग गायब हो गए।

# अफगान स्वास्थ्य मंत्री के भारत दौरे से पाकिस्तान के पेट में हुआ दर्द




**अफगानिस्तान**

**अफगानिस्तान** के स्वास्थ्य मंत्री मौलवी नूर जलाल जलाली का भारत दौरा कई मायनों में खास रहा। हम आपको बता दें कि बीते तीन महीनों में भारत आने वाले वह तीसरे तालिबान मंत्री हैं। इससे पहले अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी और उद्योग व वाणिज्य मंत्री नूरुद्दीन अजीजी भारत आ चुके हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर जलाली का स्वागत विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह यात्रा अफगान स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

यात्रा के दौरान जलाली ने भारत के स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस बैठक में भारत ने अफगानिस्तान को दीर्घकालिक आधार पर दवाइयों, टीकों और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति का भरोसा दिया। भारत ने कैंसर वैक्सीन समेत कई जीवनरक्षक टीकों का प्रतीकात्मक हस्तांतरण भी किया। हम आपको बता दें कि भारत पहले ही अफगानिस्तान को 63,734 डोज इन्फ्लुएंजा और मेनिन्जाइटिस वैक्सीन तथा 73 टन आवश्यक दवाइयां भेज चुका है। आने वाले समय में 128 स्लाइस सीटी स्कैनर सहित बड़ा मेडिकल कंसाइनमेंट भेजने की तैयारी है। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है और सीमा बंद होने से अफगान व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# 850 तबाही मचाने वाले सुपर किलर, दुश्मनों के खिलाफ भारतीय सेना की बड़ी तैयारी

**पाकिस्तान**

**भारतीय** सेना समय के साथ खुद को बेहतर बनाने में लगातार जुटी हुई है। हाल ही में दुनिया भर की लड़ाई में देखी गई आधुनिकता को भारत ने सामने से देखा और उससे सीख भी ली। ऑपरेशन सिंदूर से मिले अनुभवों के आधार पर भारतीय सेना अब 850 का कामिकाजे ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। जिसके लिए लगभग 2000 करोड़ की डिफेंस प्रोक्योरमेंट डील करने जा रही है भारतीय सेना। जिसके तहत खरीदे ड्रोंस का इस्तेमाल थल सेना, वायु सेना, नौसेना और विशेष बलों को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। भारतीय सेना का यह प्रस्ताव खरीद प्रक्रिया के अंतिम चरण में है। जहां रक्षा सूत्रों के अनुसार इस महीने की आखिरी हफ्ते में होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की उच्च स्तरीय बैठक में इस खरीद को हरी झंडी मिल सकती है।

भारतीय सेना का यह प्रस्ताव अधिग्रहण प्रक्रिया के उन्नत चरण में है। रक्षा सूत्रों ने एएनआई को बताया कि इस महीने के अंतिम



सप्ताह में होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद की उच्च स्तरीय बैठक में इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना विभिन्न स्रोतों से प्राप्त बड़ी संख्या में ड्रोन का उपयोग करती है और निकट भविष्य में अपनी सभी लड़ाकू सेनाओं को लैस करने के लिए लगभग 30,000 ड्रोन शामिल करने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि सेना की पैदल सेना बटालियनों में अब एक-एक अश्विनी प्लाटून होगी, जो दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने और आतंकवाद विरोधी अभियानों में उपयोग किए जाने वाले ड्रोन के संचालन के लिए जिम्मेदार होगी।

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिदूर के दौरान पाकिस्तान के भीतर आतंकी मुख्यालयों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में चलाए गए इस ऑपरेशन में, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, भारत ने ऑपरेशन के पहले दिन नौ में से सात आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। बाद में, ड्रोन का इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना के खिलाफ भी किया गया, जिसने अपने समर्थित आतंकवादियों के बचाव में जोरदार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि सेना के हमलों में हताहतों की संख्या बहुत अधिक थी और इससे सीमा पर दुश्मन के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा।

# पुतिन और जेलेंस्की के साथ पीएम मोदी के अच्छे संबंध, रूस-यूक्रेन संघर्ष में मजबूत भूमिका निभाने में सक्षम भारत

**रूस**

**एस्टोनिया** में भारत के राजदूत आशीष सिन्हा ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तिगत संबंध विश्व में आशा की एक दुर्लभ किरण जगाते हैं। राजदूत सिन्हा ने एएनआई को बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध इस क्षेत्र के नेताओं को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा निभाई जाने वाली एक बहुत ही सकारात्मक, रचनात्मक और मजबूत भूमिका के लिए बहुत उम्मीद देते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी को वर्तमान समय का सबसे महान विश्व नेता बताते हुए, राजदूत ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का शांति का निरंतर संदेश बाल्टिक क्षेत्र में गहरा प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने रूसी नेतृत्व के साथ प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण बातचीत को याद किया, जिसने भारत के तटस्थ लेकिन सक्रिय रुख की नींव रखी। सिन्हा ने कहा कि यह वह संदेश है जो प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को पहली बार दिया था। यह युद्ध का युग नहीं है, यह संवाद और कूटनीति का युग है। उन्होंने आगे कहा यह युद्ध का युग नहीं है' और इससे दुनिया के इस हिस्से में काफी उम्मीद जगी है। एस्टोनिया का दृढ़ विश्वास है कि यही आगे बढ़ने का रास्ता है, उन्होंने कहा, और आगे जोड़ा कि एस्टोनिया का मानना है।

कि स्थिति का समाधान स्थायी शांति की गारंटी देना चाहिए। यह केवल एक तात्कालिक उपाय नहीं होना चाहिए।

# भारतीय उच्चायुक्त को निकाल फेंकने की धमकी, सेना ने घेरा बांग्लादेश बॉर्डर

**बांग्लादेश**

**भारत** बांग्लादेश बॉर्डर इस वक्त अलर्ट पर है। बीते कुछ घंटों में बांग्लादेश से जो तस्वीरें सामने आई उसने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। कैसे भारत विरोधी दंगों को अंजाम दिया गया। हिंदुओं को जिस तरह से टारगेट किया जा रहा है उसे देख भारतीयों का खून खौल उठा है और अब बांग्लादेश से वो खबर सामने आई है जिसे देखने के बाद बॉर्डर पर भारतीय सेना ने चौकसी बढ़ा दी है। बांग्लादेश में भारत विरोधी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद राजधानी ढाका और अन्य शहरों में हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने कई इलाकों में भारी आगजनी की। बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में होने वाले आम चुनावों का उम्मीदवार भी यह नेता था। हादी की हत्या के बाद उसके समर्थकों में गुस्सा भड़का। उसके समर्थकों ने पूरे शहर में



कई जगह पर आगजनी की और हिंदुओं को निशाने पर लिया। इतना ही नहीं ढाका में भारतीय उच्चा आयोग के आसपास भीड़ तक जमा कर दी और जमकर प्रदर्शन करने लगे। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाने पर लिया गया। इतना ही नहीं बता दें कि नेशनल सिटीजन पार्टी यानी कि एनसीपी के नेता हसनत अब्दुल्ला ने भारतीय उच्चायुक्त को निकालने की मांग तक कर डाली।

बता दें कि ढाका स्थित उच्च आयोग के अलावा भारत के चार सहायक उच्च आयोग चटगांव, राज्यशाही और खुलना और सिलहट में है। वहीं बता दें कि इन सब हिंसा को देखते हुए और प्रदर्शन के चलते बांग्लादेशी नागरिकों के लिए वीजा आवेदन केंद्र बंद करना पड़ा है। तो वहीं बता दें कि भारत ने दिल्ली में बांग्लादेश के राजदूत को तलब भी किया है और ढाका के अधिकारियों से अपने मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। इतना ही नहीं बांग्लादेश के नेशनल सिटीजन पार्टी एनसीपी के सर्दन चीफ ऑर्गेनाइजर जिसने भारतीय ऊंचाइयों को निकालने की मांग की थी अब उसने भारत के तलब करने पर आपत्ति भी जता दी है। दरअसल हसनत अब्दुल्ला ने भारत में बांग्लादेश की ऊंचाइयों को तलब करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि हमें भारत के इस रुख पर कठोर प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा


# पुतिन के प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो वायरल हो गया, सभी हैरान

**रूस**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन हर साल के आखिर में एक सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं। इस बार भी रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन ने उस प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। दुनिया भर के पत्रकार इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे। पुतिन ने यह प्रेस कॉन्फ्रेंस तकरीबन 4 घंटे 28 मिनट तक की और तमाम तरह के सवालों के जवाब दिए। लेकिन इस दौरान उनसे कुछ ऐसे भी सवाल हुए जो अब चर्चा का विषय है। दरअसल यह सवाल युद्ध को लेकर या किसी नए युद्ध के मोर्चे को लेकर नहीं था बल्कि उनसे यह सवाल निजी जिंदगी को लेकर पूछा गया। जिससे पुतिन भी एक वक्त को हैरान रह गए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुतिन से यह सवाल पूछा गया कि क्या आपको लव एट फर्स्ट साइड पर यकीन है?

उस पर उन्होंने कहा कि जी बिल्कुल मुझे यकीन है। इसके अलावा उनसे एक सवाल यह भी पूछा गया कि क्या आप मोहब्बत में हैं? तो उन्होंने कहा कि जी हां बिल्कुल मैं मोहब्बत में हूं। हालांकि इस दौरान उन्होंने यह भी जिक्र किया कि उनकी पहली मोहब्बत उनकी मां है। प्रेजेंट आर यू इन लव यस आई एम दैट्स द टू द सेकंड पार्ट एंड व्हाट अबाउट साइड सच थिंग एक्सिस्ट। आई थिंक इट डस मदरलैंड स्टार्ट फ्रॉम? फॉर यू पर्सनली पर्सनली इट स्टार्ट्स विथ माय पेरेंट्स।

पुतिन का इस तरीके से जवाब देना इस अंदाज में बेलाग तरीके से बातचीत करना हर बार दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचता रहा है क्योंकि पुतिन पर आरोप



यह लगता है कि वो डिक्टेटरशिप के तरीके से रशिया को चलाते हैं। लेकिन जिस तरीके से साल के अंत में 4 घंटे 28 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस पुतिन के द्वारा की गई है, यह दुनिया के उन तमाम नेताओं को संदेश है जो रूस के खिलाफ प्रोपोगेंडा में पहली पंक्ति पर खड़े हैं।रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन हर साल के आखिर में एक सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं। इस बार भी रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन ने उस प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। दुनिया भर के पत्रकार इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे। पुतिन ने यह प्रेस कॉन्फ्रेंस तकरीबन 4 घंटे 28 मिनट तक की और तमाम तरह के सवालों के जवाब दिए। लेकिन इस दौरान उनसे कुछ ऐसे भी सवाल हुए जो अब चर्चा का विषय है। दरअसल यह सवाल युद्ध को लेकर या किसी नए युद्ध के मोर्चे को लेकर नहीं था बल्कि उनसे यह सवाल निजी जिंदगी को लेकर पूछा गया। जिससे पुतिन भी एक वक्त को हैरान रह गए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुतिन से यह सवाल पूछा गया कि क्या आपको लव एट फर्स्ट साइड पर यकीन है?

उस पर उन्होंने कहा कि जी बिल्कुल मुझे यकीन है। इसके अलावा उनसे एक सवाल यह भी पूछा गया कि क्या आप मोहब्बत में हैं? तो उन्होंने कहा कि जी हां बिल्कुल मैं मोहब्बत में हूं। हालांकि इस दौरान उन्होंने यह भी जिक्र किया कि उनकी पहली मोहब्बत उनकी मां है। प्रेजेंट आर यू इन लव यस आई एम दैट्स द टू द सेकंड पार्ट एंड व्हाट अबाउट साइड सच थिंग एक्सिस्ट। आई थिंक इट डस मदरलैंड स्टार्ट फ्रॉम? फॉर यू पर्सनली पर्सनली इट स्टार्ट्स विथ माय पेरेंट्स।

पुतिन का इस तरीके से जवाब देना इस अंदाज में बेलाग तरीके से बातचीत करना हर बार दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचता रहा है क्योंकि पुतिन पर आरोप यह लगता है कि वो डिक्टेटरशिप के तरीके से रशिया को चलाते हैं।